kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-170 | मंगलवार, 22 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



ढाका में एक दुखद हवाई दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से हम अत्यंत स्तब्ध और दुखी हैं, जिनमें से कई युवा छात्र थे। हमारी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। भारत बांग्लादेश के साथ एकजुटता में खड़ा है और हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है। — नरेन्द्र मोदी

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो एक निष्पक्ष एजेंसीः नायडू 11

बिहार विधानमंडल में 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश 12

## संक्षेप

### यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिये दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है। ऑल इंडिया की प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद स्टेट कोटे की 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउसिलिंग 30 जुलाई से शुरू होगी।

### प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में विशेष अपील दाखिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने, और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती 10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।


# जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

## स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला, कार्यकाल पूरा नहीं करने वाले धनखड़ तीसरे उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक पत्र में स्वास्थ्य संबंधी कारणों और चिकित्सा सलाह का हवाला देते हुए संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के तहत अपने इस्तीफ़े की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू को संबोधित अपने पत्र में जगदीप धनखड़ ने लिखा, 'स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए, मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं।' उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

जगदीप धनखड़ ने अपने त्यागपत्र में लिखा, 'मुझे संसद के सभी माननीय सदस्यों से जो स्नेह, विश्वास और सम्मान मिला, वह जीवनभर उनके हृदय में संचित रहेगा।' उपराष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अनुभव और दृष्टिकोणों के लिए मैं गहराई से आभारी हूं। भारत के आर्थिक विकास और अभूतपूर्व परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बनना मेरे लिए सौभाग्य और संतोष का विषय रहा है।' उन्होंने भारत के वैश्विक उदय और उज्ज्वल भविष्य पर अटूट विश्वास जताते हुए अपना त्यागपत्र समाप्त किया। जगदीप धनखड़ से पहले दो



और उपराष्ट्रपति हुए जो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। कृष्ण कांत ने 21 अगस्त, 1997 को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। लेकिन 27 जुलाई, 2002 को कार्यकाल के दौरान ही उनका निधन हो गया। इस कारण वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। इसके अलावा, वराहगिरि वेंकट गिरि ने भी 1969 में उपराष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इस्तीफा दे दिया था, ताकि राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ सकें। जगदीप धनखड़ ने 2022 में भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त, 2022 को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। जगदीप धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले थे। उपराष्ट्रपति बनने से पहले वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई, 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा गांव के स्कूल से ही पूरी की। इसके बाद स्कॉलरशिप हासिल करके चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल में पढ़ने चले गए। धनखड़ का नेशनल डिफेंस एकेडमी में चयन हो गया था, लेकिन वह नहीं गए। उन्होंने जयपुर के महाराजा कॉलेज से बीएससी (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। राजस्थान यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई पूरी की। फिर जयुपर में ही रहकर वकालत शुरू की और राजस्थान हाई कोर्ट के एक जाने-माने वकील रहे। धनखड़ ने वर्ष 1979 में राजस्थान बार काउंसिल की सदस्यता ली। 27 मार्च, 1990 को वह राजस्थान उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता बने। उसी समय वह सुप्रीम कोर्ट में भी प्रैक्टिस करते रहे। वह 1987 में राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी चुने गए। जगदीप धनखड़ चौधरी देवीलाल की राजनीति से प्रभावित थे। देवीलाल ही उन्हें राजनीति में लेकर आए। साल 1989 में देवीलाल का 75वां जन्मदिन था। जगदीप धनखड़ राजस्थान से 75 गाड़ियों का काफिला लेकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने दिल्ली पहुंचे थे। इसी साल के अंत में लोकसभा चुनाव हुए। राजीव गांधी के करीबी माने जाने वाले वीपी सिंह ने उनके खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया था। वीपी सिंह के जनता दल ने जगदीप धनखड़ को उनके गृहनगर झुंझुनू से टिकट दे दिया। वीपी सिंह की सरकार बनी। देवीलाल उपप्रधानमंत्री बने और जगदीप धनखड़ को केंद्र में मंत्री पद मिला।

## विपक्षी दांव पर आगे बढ़कर खेलने को तैयार सरकार

# ऑपरेशन सिंदूर पर होगी 16 घंटे बहस

एजेंसी


नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पीओके में स्थित पाक समर्थित आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में अब 16 घंटे की चर्चा होगी। राज्यसभा में इस मुद्दे पर 9 घंटे की चर्चा होगी। हालांकि, ये चर्चा अगले सप्ताह किस दिन से शुरू होगी, इसकी तारीख अभी तय नहीं की गई है। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में ये फैसला लिया गया है। हालांकि, विपक्ष इस बात पर अड़ा हुआ है कि यह चर्चा इसी हफ्ते शुरू होनी चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए।

सूत्रों ने बताया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सरकारी प्रतिनिधियों ने इस बात पर गौर किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस हफ्ते विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, इसलिए सदन में उनकी मौजूदगी में चर्चा अगले हफ्ते ही संभव हो पाएगी। इस पर विपक्षी सदस्यों ने इस बात पर विरोध जताया कि इस हफ्ते के सरकारी एजेंडे में इस मुद्दे पर बहस की उनकी मांग का उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री और रक्षा मंत्री को भी उपस्थित रहना चाहिए। कुछ विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मणिपुर की स्थिति पर भी चर्चा की मांग की। इससे पहले विपक्षी पार्टी कांग्रेस समेत कई दलों के सांसद इस मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा कर रहे थे।

सोमवार को जैसे ही संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत हुई, तो सत्र के पहले ही दिन लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और कई अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न चार बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक और फिर दो बजे ● शेष पेज 11 पर

**सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में हंगामा**

**राज्यसभा में खड़गे ने उठाया मुद्दा**



### ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की सैन्य शक्ति, सामर्थ्य : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है। श्री मोदी ने मॉनसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ल यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए ये बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ● शेष पेज 11 पर

## बांग्लादेश वायुसेना का प्रशिक्षण विमान कॉलेज परिसर में गिरा

# 19 लोगों की मौत, 164 घायल

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ-7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को कॉलेज परिसर में हादसे का शिकार हो गया। विमान कॉलेज की बिल्डिंग से जा टकराया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 160 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। मौके पर अग्निशमन और बचाव दलों ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफ़ेसर मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि वायुसेना का विमान माइलस्टोन कॉलेज



परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें विमान के पायलट सहित कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की आठ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। बांग्लादेश सेना ● शेष पेज 11 पर

### मुंबई में एअर इंडिया का विमान रनवे से फिसला, 3 टायर फटे

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार को कोच्चि से मुंबई आ रहा एयर इंडिया का विमान एआई 2744 तेज बारिश के बीच लैंडिंग करते समय रनवे पर फिसल गया और उसके तीनों टायर फट गए। लेकिन पायलट की सूझबूझ और तेज रिएक्शन की वजह से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में बताया गया कि विमान को सुरक्षित रूप से टैक्सीवे तक लाया गया और सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित उतार लिया गया। किसी को भी चोट नहीं आई है। ● शेष पेज 11 पर

### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग के पक्ष में 208 सांसदों का लेटर

नई दिल्ली। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के समर्थन में कुल 208 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। सोमवार को लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के चेयरमैन को इस संबंध में प्रस्ताव सौंपे गए हैं, जिन पर जल्दी ही फैसला लिया जाएगा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल की ओर से जरूरी कदम उठाने की प्रक्रिया तय होगी और इस निर्णय से जल्दी ही अवगत कराया जाएगा। जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर 14 मार्च को बड़ी संख्या में नोट बरामद हुए थे। इन नोटों में से बड़ी संख्या में ऐसे भी थे, जो आग लगने से जल गए थे। अग्निकांड की सूचना पर पहुंची ● शेष पेज 11 पर

# 'ईडी सारी हदें पार कर रहा है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक मामले में कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं को तलब करने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच के तरीके पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि वह 'सारी हदें पार कर रहा है।'

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी द्वारा हाल ही में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई करते हुए कई सख्त टिप्पणियां कीं और इस मामले (ईडी जांच) में दिशा-निर्देश बनाने का सुझाव दिया। पीठ ने इस बात पर भी खेद व्यक्त किया कि इतने सारे मामलों में जहाँ उच्च न्यायालय ने



- कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को तलब किए जाने से न्यायालय चिंतित, दिशानिर्देश बनाने पर विचार

सुविचारित आदेश पारित किए थे, ईडी 'केवल अपील दायर करने' के लिए ही अपील दायर कर रहा है। पीठ ने कहा, एक अधिवक्ता और मुवक्किलों के बीच संवाद विशेषाधिकार प्राप्त ● शेष पेज 11 पर

# हाई कोर्ट ने मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी किया

एजेंसी

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में 2006 मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की एक विशेष पीठ ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के सामने जो सुबूत रखे गए, वे आरोपियों का अपराध साबित करने में अपर्याप्त हैं। अदालत ने कहा कि 'यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। उच्च न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष के दावे में कई बुनियादी खामियां हैं। पीठ ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। अदालत ने पाया कि इस्?तेमाल हुए बम के ब?यौरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को भी स्थापित करने में एटीएस विफल रही है।



गवाहों के बयानों और कथित बरामदगी का 'कोई साक्ष्य मूल्य नहीं' माना गया। न्यायालय ने कहा कि जाँच एजेंसियाँ आरोपियों के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के लिए कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहीं। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए, अब सभी आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया है कि हमलों में उनकी संलिप्तता साबित करने के लिए जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अदालत ने इस मामले में पाँच व्यक्तियों को मृत्युदंड और शेष सात को मिली आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यह भयावह घटना 11 जुलाई, 2006 को तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उपनगरीय रेलवे नेटवर्क में पश्चिम रेलवे की ट्रेनों के प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों को अंजाम दिया गया। उन सिलसिलेवार विस्फोटों में सांताक्रूज़, बांद्रा-खार रोड, जोगेश्वरी-माहिम जंक्शन, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम जंक्शन और बोरीवली सहित कई स्थानों को निशाना बनाया। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए प्रेशर कुकर बमों ने 189 लोगों की जान ले ली और 700 से ज़्यादा घायल हो गए।

यह मामला महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को जांच के लिए सौंपा गया था। शुरूआती जाँच में आतंकवादी संगठनों, लश्कर-ए-तैयबा और सिमी की संलिप्तता के संकेत मिले थे, जिसके बाद 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए।एटीएस की जांच के आधार पर विशेष मकोका अदालत ने सितंबर 2015 में सभी बारह अभियुक्तों को दोषी ठहराया था। इनमें से पाँच को निचली अदालत ने मौत ● शेष पेज 11 पर

## 60 वर्षों से विस्थापन झेल रहे परिवारों को मिलेगा भूस्वामी अधिकार, जिलाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

# पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है।

अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत,



लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, किंतु कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। हालांकि, समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियाँ, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं।

अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहाँ कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थायी आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर, कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है, जिन्हें पहले वहां बसाया गया था। कई परिवारों ने बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए भूमि पर कब्जा किया है, जिससे समस्या हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व में भूमि का आवंटन गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत हुआ था, उन्हें ध्यान में रखते हुए वर्तमान विधिक ढांचे में नए विकल्प तलाशे जाएं, क्योंकि यह अधिनियम 2018 में निरस्त किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील प्रयास दशकों से उपेक्षित विस्थापित परिवारों के लिए एक नई उम्मीद और गरिमापूर्ण जीवन का द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। इसे केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि ''सामाजिक न्याय, मानवता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी'' के रूप में देखना चाहिए।

# सावन में कांवड़ियों का अपहरण, पुलिस की मिलीभगत से अपहरण बना 'सामान्य मारपीट'

**न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार**

**मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र का है, जहां मुंडेरा स्थित जयसवाल होटल का है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सावन के पवित्र माह में जहां पूरा देश भोलेनाथ के भक्तों की सेवा में जुटा है, वहीं प्रयागराज में एक कांवड़िया के अपहरण की घटना ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पुलिस के रवैये ने भी आम जनता को सकते में डाल दिया है।

मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र का है, जहां मुंडेरा स्थित जयसवाल होटल पर शनिवार की रात करीब 11 बजे कांवड़ लेकर लौट रहे लवकुश सोनी भोजन कर रहे थे, तभी दबंग हेमंत शुक्ला और उसके चार साथियों ने अचानक हमला बोल दिया। मारपीट के बाद उसे जबरन बैगन आर गाड़ी में भरकर अपहरण कर लिया गया।घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और सल्लाहपुर में घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना पूरामुफ्ती को सौंप दिया गया। लेकिन यहीं से 'पुलिस का खेल' शुरू होता है।पीड़ित लवकुश ने आरोप लगाया कि अगले दिन ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस थाना पुरामुफ्ती आई उसे बुलाया गया और एक दरोगा ने दो सादे कागज़ों पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में जब एफआईआर देखी गई तो उसमें अपहरण, लूट, जान से मारने की धमकी जैसी गंभीर धाराओं के बजाय केवल मारपीट की धाराएं लगी थीं। लवकुश का कहना है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं, जिसमें पूरी वारदात कैद है, लेकिन पुलिस ने उसे नजरअंदाज कर आरोपियों को बचाने की कोशिश की। पीड़ित के भाई ने उसी रात थाना धूमनगंज और चौकी ट्रांसपोर्ट नगर को लिखित अपहरण की तहरीर दे थी।पीड़ित का आरोप है कि हेमंत शुक्ला और उसके साथी एक संगठित गैंग के रूप में काम करते हैं, जो पहले लोगों को धमकाते हैं, फिर अगवा कर संपत्ति या ज़मीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते हैं। यही नहीं, थाना पूरामुफ्ती में आरोपियों ने पीड़ित को खुलेआम धमकी दी कि ‖जमीन हमारे नाम कर दो, नहीं तो जान से जाओगे।‖सबसे गंभीर बात यह है कि पुलिस ने छिनी गई तीन सोने की अंगूठियां, चेन और नकदी का कोई जिक्र एफआईआर में नहीं किया।लवकुश और उनके परिवार ने अब पुलिस अधिकारियों और सरकार से अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच सीबीसीआईडी या किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए, सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक किया जाए और दोषियों के खिलाफ अपहरण, लूट, धमकी, संगठित अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।इस मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली, निष्पक्षता और पीड़ितों के प्रति उसकी जिम्मेदारी पर गहरा सवाल खड़ा कर दिया है।

# एमडीआई हॉस्पिटल निदेशक पद की वैधता पर हाईकोर्ट सख्त

**चिकित्सा शिक्षा सचिव से मांगी रिपोर्ट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मनोहर दास मण्डलीय नेत्र संस्थान (एमडीआई हॉस्पिटल), प्रयागराज में निदेशक पद की स्वीकृति और कानूनी स्थिति को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। न्यायमूर्ति अजित कुमार की पीठ ने सचिव, चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिया है कि वे यह स्पष्ट करें कि क्या यह पद स्वतंत्र रूप से स्वीकृत है या मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (एमएनएनएमसी) के नेत्र विभागाध्यक्ष द्वारा पदेन रूप से धारण किया जाना है। कोर्ट ने कहा कि सचिव 31 जुलाई तक कानून के अनुरूप कारणसहित निर्णय लें और उसे सीलबंद लिफाफ़े में अगली सुनवाई (3 सितम्बर) पर प्रस्तुत करें, अन्यथा उन्हें व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना होगा। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा ने केवल एक पुराने शासनादेश (दिनांक 5 अप्रैल 2006) के आधार पर इस गंभीर प्रशासनिक विवाद को जल्दबाजी में निपटाया है।

**डॉ. अपराजिता की नियुक्ति पर रोक, एमएनएनएमसी प्राचार्य को सौंपा प्रशासनिक कार्य**

हाईकोर्ट ने डॉ. अपराजिता चौधरी को एमडीआई हॉस्पिटल के निदेशक पद पर नियुक्त करने के 7 मई 2024 के आदेश को फिलहाल स्थगित कर दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया कि जब तक विवाद का निस्तारण नहीं होता, तब तक संस्थान के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के प्राचार्य निभाएंगे, जबकि शैक्षणिक कार्य याची डॉ. संतोष कुमार (विभागाध्यक्ष, नेत्र विज्ञान विभाग) के अधीन रहेंगे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अब दो अहम बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट होनी जरूरी है–क्या निदेशक का पद स्वतंत्र रूप से सृजित एवं स्वीकृत है, और क्या यह पद विभागाध्यक्ष द्वारा पदेन रूप से धारण किया जाना चाहिए। कोर्ट ने याचियों और विरोधी पक्ष दोनों से कहा है कि वे 31 जुलाई तक चिकित्सा शिक्षा सचिव के समक्ष अपने-अपने पक्ष रखें, जिसके बाद सचिव को कानून के अनुसार विस्तृत निर्णय लेना होगा।

## 10 महीने से लापता युवक का नहीं मिला सुराग

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दारागंज थाना क्षेत्र से लापता एक युवक की गुमशुदगी को पूरे 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक प्रयागराज पुलिस उसे खोज पाने में नाकाम रही है। पीड़ित पिता प्रशासनिक चौखटों के चक्कर लगाते-लगाते थक गया है, मगर न तो पुलिस कोई सुराग जुटा सकी और न ही किसी अधिकारी ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया।परिजनों का आरोप है कि दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने इस गंभीर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। ना तो अब कोई खोजबीन की जा रही है, ना ही केस की नियमित समीक्षा। पिता का कहना है कि उन्होंने शहर के तमाम आला पुलिस अफसरों से गुहार लगाई, लेकिन जवाब सिर्फ आश्वासन तक सीमित रह गया।पीड़ित परिवार अब बेटे की अनहोनी की आशंका से डरा और सहमा हुआ है। लेकिन, अफसोस इस बात का है कि दारागंज पुलिस की संवेदनहीनता और उदासीनता ने इस दर्द को और गहरा कर दिया है।परिजन आज भी इस उम्मीद में हैं कि कभी तो उनका बेटा सही-सलामत वापस आएगा, मगर पुलिस की निष्क्रियता ने न्याय की आस को धुंधला कर दिया है। क्या दारागंज पुलिस को कोई जवाबदेही नहीं? क्या गायब हुआ युवक सिर्फ एक केस नंबर बनकर रह गया है।

## योगेन्द्र सिंह राणा पर हो सख्त कार्रवाई : अनीस मंसूरी



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राणा द्वारा समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी पर तीखा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल एक महिला सांसद का अपमान है, बल्कि पूरे पसमांदा समाज की अस्मिता और संवैधानिक मूल्यों पर हमला है। अनीस मंसूरी ने कहा कि इकरा हसन देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा की एक सम्मानित सदस्य हैं और पसमांदा मुस्लिम तबके की एकमात्र महिला प्रतिनिधि भी। उनके खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर योगेन्द्र राणा ने नारी गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सामाजिक सौहार्द को कलंकित किया है। सरकार को तत्काल योगेन्द्र सिंह राणा पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है जब इकरा हसन को निशाना बनाया गया हो। इससे पहले भी उनके जनसंपर्क अभियानों के दौरान अपमानजनक टिप्पणी, सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग और सांप्रदायिक टिप्पणियों के ज़रिए उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के प्रयास किए गए हैं। कई बार उन्हें पाकिस्तान भेजने जैसे नारे लगाकर उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए गए, जो कि बेहद शर्मनाक और अलोकतांत्रिक है। अनीस मंसूरी ने इस पूरे प्रकरण को करणी सेना और समाजवादी पार्टी के बीच लंबे समय से चले आ रहे वैचारिक और राजनीतिक टकराव का खतरनाक परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि करणी सेना पहले भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को खुलेआम जान से मारने की धमकी दे चुकी है। यह लोकतंत्र को डरा-धमकाकर चुप कराने की साजिश है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्र और राज्य सरकार ऐसे संगठनों को जानबूझकर छूट दे रही है? क्या यह लोकतंत्र में हिंसा की खुली छूट नहीं है। **महिला आयोग और पुलिस की चुप्पी शर्मनाक** मंसूरी ने कहा कि एक महिला सांसद पर इस प्रकार की अभद्र भाषा के प्रयोग के बाद भी न तो महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया, न ही पुलिस प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई की है। इससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे सरकार इस जहरीली सोच को समर्थन दे रही हो।

## जनपद को मिली रेल सुविधा, शताब्दी एक्सप्रेस का स्टॉपेज मिला, सांसद साक्षी महाराज ने किया शुभारंभ



**उन्नाव,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपदवासियों के लिए राहत और गर्व की खबर है। लखनऊ से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वीआईपी ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस को अब उन्नाव रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव मिल गया है। रविवार को इस नई सुविधा का शुभारंभ करते हुए सांसद साक्षी महाराज ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता और रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।आपको बताते चलें कि जनपद में ठहराव सांसद साक्षी महाराज की पहल पर संभव हुआ है। उन्होंने लंबे समय से उन्नाव के यात्रियों की इस मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया था। सांसद के प्रस्ताव पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए शताब्दी एक्सप्रेस को उन्नाव में ठहराव देने की स्वीकृति प्रदान की। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने जानकारी दी कि ट्रेन संख्या 12003 शताब्दी एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर शाम 4:21 बजे उन्नाव पहुंचेगी और दो मिनट रुकने के बाद आगे बढ़ेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 12004 सुबह 11:56 बजे उन्नाव पहुंचेगी और दो मिनट रुकने के बाद लखनऊ के लिए रवाना होगी। गौरतलब है कि अब तक यह ट्रेन लखनऊ से नई दिल्ली के बीच कानपुर, फफूंद, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकती थी। अब उन्नाव इस वीआईपी ट्रेन के स्टॉपेज में शामिल हो गया है। इससे जिले के हजारों यात्रियों को राजधानी और देश की राजधानी के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का विकल्प मिल सकेगा। सांसद साक्षी महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उन्नाव के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी जिले के लोगों के हित में कार्य करते रहेंगे।

## सपा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय पहुंचे राजेश मिश्रा के आवास



उन्नाव। एक विशेष प्रोग्राम में उन्नाव पहुंचे सपा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय राजेश मिश्रा के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विवादित बयान लातों के भूत बातों से नहीं मानते'' को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसी भाषा तानाशाही मानसिकता की परिचायक है। लोकतंत्र में इस तरह की सोच नहीं चल सकती। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि जो लोग इस तरह की सोच रखते हैं, वे सामंती मानसिकता के होते हैं। मुख्यमंत्री को लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए, न कि धमकी भरे भाषा का इस्तेमाल। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन धरातल पर लोकतंत्र और संविधान के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। उन्नाव में समाजवादी पार्टी नेता राजेश मिश्रा के घर पहुंचे माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह सरकार लोकतांत्रिक नहीं, तानाशाही ढंग से काम कर रही है।

## प्रयागराज में महिला को बंधक बनाकर 35 लाख की लूट का खुलासा

**मास्टरमाइंड निकला रिश्तेदारपांच शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, लखनऊ से बुलाए गए थे बदमाश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। एसओजी यमुनानगर व कौंधियारा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कौंधियारा क्षेत्र में हुई सनसनीखेज लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने करीब 35 लाख रुपये मूल्य का लूट का संपूर्ण माल भी बरामद कर लिया है।यह लूट उस समय की गई थी जब पीड़िता महिला को बंधक बनाकर घर में रखा गया था। मामले में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब खुलासा हुआ कि इस लूट का मास्टरमाइंड महिला का ही रिश्तेदार निकला। उसने लखनऊ से अपराधियों को बुलाकर पूरी साजिश रची और वारदात को अंजाम दिलवाया।एसओजी और स्थानीय पुलिस ने मिलकर जब छानबीन की तो सुराग मिलने लगे और ताबड़तोड़ छापेमारी में सभी पांचों अभियुक्तों को दबोच लिया गया। उनके कब्जे से सोना, नकदी समेत लूट का पूरा माल बरामद किया गया है जिसकी कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस अब इस केस में न्यायिक कार्यवाही की तैयारी कर रही है और बाकी संभावित संलिप्त आरोपियों की तलाश भी जारी है।

## जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**कई योजनाओं की प्रगति व प्रस्तावों पर हुई विस्तृत चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोरांव विधायक माननीय राजमणि कोल एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने की। भूमि संरक्षण इकाई, फूलपुर द्वारा आयोजित इस बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक की शुरुआत में भूमि संरक्षण अधिकारी एस.पी. सिंह ने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की और वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित योजनाओं ऽ पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, आरएडी योजना, तथा डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 योजना ऽ के अंतर्गत हुए कार्यों की जानकारी साझा की।उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 9 निजी खेत तालाब खुदवाए जा चुके हैं, वहीं डब्ल्यूडीसी योजना के तहत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका विकास, उत्पादन प्रणाली और क्षमता संवर्धन से जुड़ी गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित की गई हैं।वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चयनित परियोजनाओं जैसे कि कोहट चतुर्थ, इटवाकला, पाल अमिलिया, गडेरिया, सोढ़िया प्रथम, लखनपुर आदि पर भी चर्चा हुई, जिसमें उनकी योजना निर्माण, क्रियान्वयन और गुणवत्ता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में विधायक राजमणि कोल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयनित परियोजनाओं का कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण रूप से कराया जाए तथा सभी कार्यों की वीडियो क्लिप के साथ सूचीबद्ध रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए।

## डीसीपी यमुनानगर के आदेश पर शंकरगढ़ पुलिस का चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। डीसीपी यमुनानगर विवेक यादव के निर्देश पर शंकरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। रविवार को सब इंस्पेक्टर ऋषभ पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह अभियान संचालित किया, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती गई।अभियान के दौरान विशेष रूप से बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने नियम तोड़ने वालों का मौके पर चालान काटा और उन्हें यातायात नियमों के पालन की सख्त हिदायत दी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाया गया है। अभियान के तहत लोगों को हेलमेट पहनने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखने और सभी जरूरी कागजात साथ रखने की भी सलाह दी गई।शंकरगढ़ क्षेत्र में लगातार हो रही ट्रैफिक लापरवाही को देखते हुए आने वाले दिनों में इस तरह के अभियान और तेज़ी से चलाए जाएंगे। पुलिस का यह प्रयास सड़क सुरक्षा को लेकर एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

## कामदा एकादशी पर शिवाला मंदिर में भव्य भजन संध्या और भोग का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। कामदा एकादशी के पावन अवसर पर सोमवार को अमानीगंज स्थित शिवाला मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या और भोज का आयोजन किया गया। श्री श्याम संकीर्तन मंडल के भक्तों द्वारा सुंदर-सुगंधित भजनों की संध्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाबा का भव्य पुष्प श्रृंगार कर उन्हें विशेष रूप से सजाया गया। रंग-बिरंगे फूलों से सजे दरबार की दिव्यता देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में छप्पन भोग का भी आयोजन किया गया, जिसमें भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक गुप्ता, सिकु गुप्ता, नामित गुप्ता, पिंटू अवस्थी, वैभव गुप्ता, आशीष गुप्ता, शशिधर नाथ गुप्ता, इशू गुप्ता, कल्लू गुप्ता सहित अनेक ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।


**☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜**

**राजेन्द्र नगर टर्मिनल एवं नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी एवं आनंद विहार (ट), मालदा टाउन एवं गोमती नगर तथा दरभंगा एवं गोमती नगर रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा नई **अमृत भारत** ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये रेल सेवाएँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार अपनी नियमित सेवाएं आरंभ करेंगी:–

**13435/13436 मालदा टाउन – गोमती नगर – मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13435 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 13436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:25 | मालदा टाउन | 16:40 | --- |
| 19:47 | 19:49 | न्यू फरक्का | 15:18 | 15:20 |
| 20:13 | 20:15 | बड़हरवा जं. | 14:54 | 14:56 |
| 21:05 | 21:07 | साहिबगंज | 13:46 | 13:48 |
| 21:44 | 21:46 | कहलगाँव | 12:58 | 13:00 |
| 22:40 | 22:50 | भागलपुर | 12:30 | 12:40 |
| 23:05 | 23:07 | सुलतानगंज | 11:48 | 11:50 |
| 00:15 | 00:20 | जमालपुर | 11:15 | 11:20 |
| 00:40 | 00:42 | अभयपुर | 10:50 | 10:52 |
| 02:05 | 02:10 | किऊल जं. | 10:25 | 10:30 |
| 02:31 | 02:33 | शेखपुरा | 09:13 | 09:15 |
| 02:52 | 02:54 | वारिसलीगंज | 08:45 | 08:47 |
| 03:08 | 03:10 | नवादा | 08:28 | 08:30 |
| 03:26 | 03:28 | तिलैया जं. | 08:01 | 08:03 |
| 05:20 | 05:25 | गया जं. | 06:50 | 06:55 |
| 06:25 | 06:27 | डेहरी ऑनसोन | 05:20 | 05:22 |
| 06:44 | 06:46 | सासाराम | 05:02 | 05:04 |
| 07:16 | 07:18 | भभुआ रोड | 04:18 | 04:20 |
| 08:35 | 08:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 03:00 | 03:10 |
| 09:27 | 09:32 | **वाराणसी** | 01:45 | 01:50 |
| 10:26 | 10:28 | जौनपुर | 22:56 | 22:58 |
| 11:01 | 11:03 | शाहगंज | 22:21 | 22:23 |
| 12:28 | 12:30 | **अयोध्या धाम जं.** | 20:51 | 20:53 |
| 12:48 | 12:50 | **अयोध्या कैंट** | 20:31 | 20:33 |
| 15:40 | --- | गोमती नगर | --- | 18:40 |

चलने के दिन : 13435 मालदा टाउन से 24.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 13436 गोमती नगर से 25.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शुक्रवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**22361/22362 राजेन्द्र नगर टर्मिनल – नई दिल्ली – राजेन्द्र नगर टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 22361 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22362 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:45 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |
| 20:00 | 20:10 | पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| 20:23 | 20:25 | दानापुर | 10:28 | 10:30 |
| 20:54 | 20:56 | आरा जं. | 09:55 | 09:57 |
| 21:38 | 21:40 | बक्सर | 08:58 | 09:00 |
| 23:35 | 23:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:40 | 07:50 |
| 02:00 | 02:05 | सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| 04:25 | 04:30 | गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| 12:23 | 12:25 | गाजियाबाद | 19:46 | 19:48 |
| 13:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 19:10 |

चलने के दिन : 22361 राजेन्द्र नगर टर्मिनल से 31.07.2025 से अगले आदेश तक तथा 22362 नई दिल्ली से 01.08.2025 से अगले आदेश तक।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15561/15562 दरभंगा – गोमती नगर – दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15561 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15562 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | दरभंगा जं. | 00:40 | --- |
| 15:22 | 15:24 | कमतौल | 22:45 | 22:47 |
| 15:40 | 15:42 | जनकपुर रोड | 22:30 | 22:32 |
| 16:10 | 16:15 | सीतामढ़ी | 22:00 | 22:05 |
| 16:38 | 16:40 | बैरगनियां | 21:08 | 21:10 |
| 17:01 | 17:03 | घोड़ासहन | 20:40 | 20:42 |
| 17:45 | 17:50 | रक्सौल जं. | 19:50 | 19:55 |
| 18:11 | 18:13 | सिकटा | 19:15 | 19:17 |
| 19:25 | 19:30 | नरकटियागंज जं. | 18:45 | 18:50 |
| 19:47 | 19:49 | हरिनगर | 18:08 | 18:10 |
| 20:15 | 20:17 | बगहा | 17:50 | 17:52 |
| 22:00 | 22:02 | कप्तानगंज जं. | 16:17 | 16:22 |
| 23:10 | 23:25 | गोरखपुर जं. | 15:15 | 15:25 |
| 00:31 | 00:34 | बस्ती | 13:08 | 13:11 |
| 01:28 | 01:30 | मनकापुर जं. | 12:14 | 12:16 |
| 02:30 | 02:35 | **अयोध्या धाम जं.** | 11:00 | 11:05 |
| 02:55 | 03:00 | **अयोध्या कैंट** | 10:25 | 10:30 |
| 05:30 | --- | गोमती नगर | --- | 08:15 |

चलने के दिन : 15561 दरभंगा से 26.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 15562 गोमती नगर से 27.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15567/15568 बापूधाम मोतिहारी – आनंद विहार (ट) – बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| गाड़ी सं. 15567 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15568 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | बापूधाम मोतिहारी | 10:40 | --- |
| 08:18 | 08:20 | सगौली जं. | 09:40 | 09:42 |
| 08:38 | 08:40 | बेतिया | 09:13 | 09:15 |
| 08:53 | 08:55 | चनपटिया | 08:11 | 08:13 |
| 09:30 | 09:35 | नरकटियागंज जं. | 07:45 | 07:50 |
| 09:50 | 09:52 | हरिनगर | 07:24 | 07:26 |
| 10:20 | 10:22 | बगहा | 07:00 | 07:02 |
| 12:06 | 12:08 | सिसवा बाज़ार | 05:25 | 05:27 |
| 12:40 | 12:45 | कप्तानगंज जं. | 04:55 | 05:00 |
| 14:50 | 15:00 | गोरखपुर जं. | 04:00 | 04:10 |
| 15:57 | 16:00 | बस्ती | 02:17 | 02:20 |
| 16:54 | 16:56 | मनकापुर जं. | 01:05 | 01:07 |
| 17:35 | 17:40 | गोंडा जं. | 00:37 | 00:42 |
| 21:00 | 21:10 | **लखनऊ** | 22:20 | 22:30 |
| 01:10 | 01:12 | **बरेली जं.** | 18:17 | 18:19 |
| 02:55 | 03:05 | **मुरादाबाद जं.** | 16:50 | 16:58 |
| 05:18 | 05:20 | गाजियाबाद जं. | 14:33 | 14:35 |
| 06:10 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 15567 बापूधाम मोतिहारी से 29.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) तथा 15568 आनंद विहार (ट) से 30.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कृषि यंत्रीकरण पर वैज्ञानिकों ने की किसानों से बातचीत

### ड्रोन तकनीक और जरूरत आधारित यंत्र विकास पर दिया विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, खेती को आधुनिक और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल के वैज्ञानिकों की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को विकास खंड मोहनलालगंज के सिसेंडी गाँव का दौरा किया। इस दौरान किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग पचास किसानों ने भागीदारी की।




कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल से आए डॉ. के. एन. अग्रवाल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, फार्म मशीनरी एंड इम्प्लीमेंट्स ने की। उनके साथ भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ से डॉ. एम. के. सिंह, डॉ. दिलीप कुमार दोनों प्रधान वैज्ञानिक तथा डॉ. राजेश मोदी वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।वैज्ञानिकों ने किसानों से कृषि यंत्रीकरण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की और उन्हें मल्टीक्रॉप थ्रेशर, पावर वीडर, धान ट्रांसप्लांटर, पावर स्प्रेयर आदि नवीनतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी। इन यंत्रों के प्रयोग से कम समय में अधिक कार्यक्षमता के साथ खेती संभव हो रही है, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों में कमी आ रही है।कार्यक्रम में ड्रोन तकनीक की भी विशेष चर्चा हुई। वैज्ञानिकों ने बताया कि ड्रोन का उपयोग कीटनाशक, जैविक उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रभावी छिड़काव के लिए किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ड्रोन दीदी योजना की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की जा रही है।कार्यक्रम के दौरान कई किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और पैडी ट्रांसप्लांटर, सीड ड्रिल, रीपर बाइंडर जैसे यंत्रों की मांग रखी। वैज्ञानिकों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त यंत्रों का डिज़ाइन और विकास किया जाएगा।यह संवाद कार्यक्रम वैज्ञानिकों और किसानों के बीच तकनीकी समन्वय को प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। किसानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कृषि यंत्रीकरण खेती के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऐसी पहल को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की माँग भी की।

# सैरपूर में 25 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त सआदतगंज में अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए द्वारा शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन टीम ने सैरपुर क्षेत्र में लगभग 25 बीघा भूमि पर हो रही तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया, जबकि सआदतगंज में एक व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि नरेश तिवारी, अर्जन अग्रवाल (एबीसी भट्ठा) और अन्य लोगों द्वारा सैरपुर के ग्राम सैदापुर में लगभग 2 बीघा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा कौशल यादव द्वारा सैदापुर स्थित फौजी ढाबा के पास लगभग 3 बीघा भूमि पर और राम चरन रावत व अन्य द्वारा सैरपुर के घुवैला व कमलाबाद क्षेत्र में लगभग 20 बीघा में अवैध रूप से प्लॉट काटे जा रहे थे। इन सभी मामलों में प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत नहीं लिया गया था। प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों स्थानों की अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि सआदतगंज के कैम्पवेल रोड पर एक्जॉन स्कूल के सामने अयोध्या प्रसाद व अन्य द्वारा लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। बिना नक्शा स्वीकृत कराए किए जा रहे इस निर्माण को एलडीए प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।




# भाजपा सरकार में पूरी तरह चरमराई बिजली व्यवस्था : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। इस सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में बिजली की स्थिति में सुधार के लिए कोई काम नहीं किया। सरकार ने जानबूझकर बिजली व्यवस्था को खराब होने दिया जिससे कर्मचारियों, अधिकारियों पर आरोप लगाकर निजीकरण कर दिया जाए।



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। उत्पादन कम है, मांग ज्यादा है। इस सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी यूनिट उत्पादन नहीं बढ़ाया। प्रदेश को आज जो बिजली मिल रही है वह समाजवादी सरकार में लगाए बिजलीघरों के उत्पादन से ही मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की भारी कमी है। शहरों में बड़े पैमाने पर अघोषित कटौती हो रही है। छोटे नगरों और गांवों में बिजली का बुरा हाल है। किसानों को धान की रोपाई और अन्य कार्य के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन बिजली नहीं मिल पाने से रोपाई और सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बिजली की दुर्दशा का सवाल लगातार उठा रही है लेकिन सरकार व्यवस्था सुधारने के बजाय पूरा जोर निजीकरण पर लगा रही है। प्रदेश में बिजली की स्थिति की हकीकत अब खुद बिजली मंत्री को पता चल गयी है। मुरादाबाद में ऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम में ही बिजली कट गई। सरकार के सामने ही अंधेरा छा गया।

इसके लिए खुद भाजपा सरकार जिम्मेदार है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोग हर दिन बिना बिजली के रहने पर मजबूर हैं। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। इस प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कानून व्यवस्था सब चौपट है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर नाराज भाकियू(भानू) द्वारा भूख हड़ताल

### एसडीएम व एसीपी के आश्वासन पर खत्म हुई हड़ताल जिलाधिकारी के नाम सौंपा गया चार सूत्रीय माँग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। किसानों की समस्यों का काफी अर्से से निपटारा न किए जाने से नाराज भाकियू ( भानू ) के प्रदेश प्रभारी व प्रवक्ता ने सोमवार की सुबह सरोजनीनगर तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। किसान नेताओं द्वारा भूख हड़ताल किए जाने की जानकारी पाकर एसडीएम सचिन वर्मा व एसीपी कृष्णा नगर विकास पाण्डेय ने जल्द ही सभी समस्यों का निस्तारण कराये जाने का लिखित आश्वासन देकर भूख हड़ताल खत्म कराई। इस दौरान जिलाधिकारी के नाम चार सूत्रीय माँग पत्र भी एसडीएम को सौंपा गया। भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू ( भानू ) के प्रदेश प्रभारी त्रषि मिश्रा व प्रवक्ता अनिल वर्मा ने अपने सम्बोधन में उपजिलाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते एक वर्ष में किसानों की समस्याओं से सम्बंधित दर्जन भर से ज्यादा बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा एक भी समस्या का निदान नही किया गया। किसान नेताओं का कहना था कि कुशम्भी से नन्दउवाँ होकर जाने वाली नहर कई वर्षो से बंद पड़ी है। इस नहर से दर्जनों गाँवों के किसान अपनी फसल की सिंचाई करते है इस लिए इसे तत्काल शुरु किया जाय।



रहीम नगर पड़ियाना को सन् 20१8 से 2023 तक चकबंदी ग्राम पंचायत घोषित किया गया था। लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व अभिलेखों में अभी तक ऑनलाइन वर्तमान खतौनी दर्ज नही कि गई जिससे यहाँ के किसान अपनी भूमि का क्रय विक्रय करने, किसान क्रेडिट कार्ड व किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित हैं। क्षेत्र में कई सीएचसी व पीएसी हैं जहां ना तो नियमित डॉक्टर आते है और न नर्स। यहीं नही कई अस्पतालों मे ताले लटक रहे है। किसानों के आवारा पशु सबसे बड़ी समस्या साबित हो रहे है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रोजगार सृजन का साधन बनी पुनर्जीवित हो रही छोटी नदियां

### राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत छोटी नदियों का किया जा रहा कायाकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में नदियों के पुनर्जीवन और जल संरक्षण को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत न सिर्फ छोटी नदियों का कायाकल्प हो रहा है, बल्कि इस कार्य से ग्रामीणों को भरपूर रोजगार भी मिला है। जल संरक्षण और रोजगार सृजन को समर्पित इस अभियान से गांव-गांव में खुशहाली आ रही है।



नदी पुनरुद्धार कार्यों के माध्यम से प्रदेश में अब तक करीब एक करोड़ मानव कार्य दिवस के रोजगार सृजित किए गए हैं। इससे न केवल श्रमिकों को आजीविका मिली, बल्कि जल संसाधनों का भी व्यापक स्तर पर संरक्षण हो रहा है। यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती का कारण बन रहा है।

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के परियोजना निदेशक प्रभाष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रत्येक जिले में एक नदी को पुनर्जीवित किया जा रहा है। यह कार्य मंडल स्तर पर मंडलायुक्त की अगुवाई में जिला गंगा समितियों तथा अन्य विभागों-मनरेगा, सिंचाई, लघु सिंचाई आदि के सहयोग से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर भी जनभागीदारी सुनिश्चित हो रही है।

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत अब तक लगभग 2000 जल संरक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए हैं। इनमें तालाबों की खुदाई, जल निकायों का गहरीकरण, नालों की सफाई और जल संचयन संरचनाओं के निर्माण प्रमुख हैं। इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नदी पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नदियों के किनारे पौधों का रोपण भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। यह कार्य न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक है, बल्कि इससे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को भी कम किया जा सकेगा।

गांव-गांव में आई खुशहाली, नदियां बनीं जीवनदायिनी

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से प्रदेश के गांवों में खुशहाली लौट रही है। जिन नदियों को कभी मृतप्राय माना जा रहा था, वे अब फिर से प्रवाहित हो रही हैं। इससे किसानों को सिंचाई का पानी मिला, भूजल स्तर सुधरा और पारिस्थितिकी तंत्र भी संतुलित हुआ है।

### राम प्रकाश गुप्ता हॉस्पिटल में ऑपरेशन थियेटर एवं अत्याधुनिक स्किल लैब का लोकार्पण

लखनऊ । गोमतीनगर शहीद पथ स्थित स्व. राम प्रकाश गुप्ता मदर एवं चाइल्ड रेफरल हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में द्वितीय इमरजेंसी ऑपरेशन थियेटर तथा स्किल लैब का लोकार्पण संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह ने फीता काटकर किया। स्व. राम प्रकाश गुप्ता मदर एवं चाइल्ड रेफरल हॉस्पिटल लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से सम्बद्ध है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह ने कहा कि ल्लोहिया संस्थान प्रदेश में उत्कृष्ट मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है। मरीजों की निरंतर बढ़ती संख्या और आपातकालीन प्रसव की आवश्यकता को देखते हुए इस द्वितीय ओ.टी. की स्थापना एक दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी कदम है, जिससे मरीजों को त्वरित एवं सुलभ सेवाएं प्राप्त होंगी।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की स्किल लैब विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, अभ्यास और मूल्यांकन की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगी।

### ˙दिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह घर से स्कूल गई 15 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परेशान परिजनों द्वारा शाम तक छात्रा की बहुत खोजबीन की गई बावजूद छात्रा का कहीं कोई पता नहीं चला जिसके बाद छात्रा के पिता द्वारा स्थानीय थाने पर छात्रा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। पुलिस छात्रा की खोजबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार यहीं एक गांव के रहने वाले किसान के मुताबिक उनकी 15 वर्षीय पुत्री 19 जुलाई को सुबह 7 बजे पड़ोसी गांव स्थित प्राइवेट स्कूल पढ़ने गई थी जहां वह कक्षा 9 की छात्रा है। पुत्री दोपहर 2 बजे तक घर नहीं लौटी जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। छात्रा के पास मोबाइल फोन भी नहीं है। रविवार को छात्रा के पिता ने बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### वार्ड विकास निधि की दूसरी किश्त जल्द होगी जारी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम लखनऊ की ओर से वार्डवार चल रहे विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से महापौर द्वारा नगर आयुक्त को वार्ड प्राथमिकता विकास निधि की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने फाइनेंस कंट्रोलर को 50 लाख रुपये की दूसरी किश्त तत्काल जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को रुकने नहीं दिया जाएगा। इससे पूर्व प्रत्येक वार्ड के लिए 50 लाख रुपये की पहली किश्त पहले ही जारी की जा चुकी है। अब दूसरी किश्त के बाद कुल 1 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध हो जाएगी। इस निधि से सड़क निर्माण, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, नाली मरम्मत जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस संबंध में नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता (सिविल) और सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने ज़ोन में पार्षदों से चर्चा कर विकास कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार करें और उसे शीघ्र मुख्यालय को सौंपें। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि निधि का उपयोग जनता की आवश्यकताओं के अनुसार हो। नगर आयुक्त ने कहा कि समस्त कार्यों का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यों की निगरानी स्वयं करें और लापरवाही कतई न बरती जाए।

### समावेशी शिक्षा के मॉडल से समाज को नई राह दिखा रहा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में समावेशी शिक्षा को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा ल्समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयोंङ्क की स्थापना की जा रही है। यह प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जिसका उद्देश्य दिव्यांग और सामान्य छात्रों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण, समान और संवेदनशील वातावरण में शिक्षा प्रदान करना है। वर्तमान में प्रदेश के सात जनपदों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ये समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रत्येक विद्यालय की स्वीकृत क्षमता 560 विद्यार्थियों की है। इसमें 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांग छात्रों के लिए और 50 प्रतिशत सामान्य छात्रों के लिए आरक्षित हैं। इन विद्यालयों में करीब 400 बच्चों का पंजीकरण हो चुका है। ये सभी छात्र एक समावेशी, प्रेरणादायी एवं संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई कर रहे हैं।

# इंजीनियरिंग कालेज चौराहे पर हुए ट्रैफिक डायवर्जन को लेकर विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रशासन को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इंजीनियरिंग कालेज चौराहे पर हुए ट्रैफिक डायवर्जन को लेकर विधायक डा. नीरज बोरा ने कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार को विधायक डा. बोरा ने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, पुलिस कमिश्नर सहित यातायात विभाग को पत्र लिखकर बताया कि दो दिवस पूर्व ट्रैफिक सुधार के दृष्टिगत नयी व्यवस्था की गई है जिसमें लगभग 01 किलोमीटर डायवर्जन होने के कारण लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लोग आक्रोशित हैं। ऐसी दशा में इंजीनियरिंग कालेज चौराहा की यातायात व्यवस्था सुधार के दृष्टिगत नये सिरे से व्यवस्था पर विचार किया जाना प्रासंगिक है। विधायक डा. बोरा ने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के दो थाना क्षेत्रों जानकीपुरम और मड़ियांव के अंतर्गत आने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कुछ सुझाव दिये हैं जिनमें ट्रैफिक पुलिस कर्मियों द्वारा बीच चौराहे से यातायात का संचालन कराये जाने, रिंग रोड पर मड़ियांव से टेढ़ी पुलिया की ओर चौराहे पर अस्थाई डिवाइडर के माध्यम से दूरी कम किये जाने, चौराहे के चारों ओर बेतरतीब खड़े होने वाले ई-रिक्शा, ऑटो और टैंपो पर अंकुश लगाने, चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाने, अस्थाई पार्किंग स्थल बन चुके इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से राम राम बैंक चौराहा जाने वाली सड़क पर निजी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग रोके जाने, वेंडिंग जोन का रूप ले चुके टेढ़ी पुलिया चौराहे से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे की ओर आने वाली मुख्य सड़क पर लगने वाले ठेले-खोमचे को हटाये जाने और सड़क पर होने वाली वाहनों की बेतरतीब पार्किंग पर अंकुश लगाने, खुर्रम नगर चौराहे की ओर से फ्लाई ओवर से आकर वापस टेढ़ी पुलिया चौराहा और जानकीपुरम की ओर जाने वाले वाहनों की व्यवस्था में बदलाव किये जाने जैसे विषय शामिल हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा की यातायात व्यवस्था को तत्काल पुनर्संयोजित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि व्यवस्था ऐसी बने जिसमें लोगों को सुविधा हो न कि अव्यवस्था फैले।



# दुबग्गा डिपो की इलेक्ट्रिक बस में यात्री की तबीयत बिगड़ी, समय पर मदद से टली अनहोनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। डिपो की इलेक्ट्रिक बस संख्या यूपी 32 पीएन 6605 में यात्रा कर रहे एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। संडीला से दुबग्गा की ओर जा रहे राम खेलावन नामक यात्री को जैसे ही मोटी नीम महमूद नगर के पास भयंकर पेट दर्द शुरू हुआ, बस के परिचालक प्रवेंद्र ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए स्थिति की सूचना डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी को दी। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार, बस को निकटतम अस्पताल की ओर मोड़ा गया और बीमार यात्री को तत्काल चिकित्सकीय सहायता के लिए भर्ती कराया गया। साथ ही परिचालक द्वारा यात्री के मोबाइल से उनके परिजनों को भी सूचित किया गया। यात्री के पुत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता को अक्सर गैस से संबंधित तकलीफ हो जाती है। उन्होंने आग्रह किया कि उन्हें कानपुर बाईपास दुबग्गा पर ही अपने पिता को सौंप दिया जाए। अनुरोध के अनुसार, राम खेलावन को सुरक्षित रूप से उनके पुत्र के सुपुर्द कर दिया गया।



परिजनों ने समय पर मदद करने के लिए परिचालक प्रवेंद्र और दुबग्गा डिपो प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और उनकी त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इस मानवीय संवेदना और तत्परता ने एक संभावित गंभीर स्थिति को टाल दिया।

# लखीमपुर में 36 केंद्रों पर होगी आरओ-एआरओ परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**36 परीक्षा केंद्रों पर 14784 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

**डीएम ने की बैठक : बोली- छोटी गलती भी होगी अक्षम्य**

**आयोग के समन्वय पर्यवेक्षक ने सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापको को बताई बारीकियां, दिया प्रशिक्षण**

लखीमपुर खीरी । जिले में 27 जुलाई को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 36 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली (सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक) में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा होगी, जिसमें 14784 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आरओ-एआरओ परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर की गई छोटी से छोटी चूक भी अक्षम्य मानी जाएगी। डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पहले सभी व्यवस्थाओं की भलीभांति जांच कर लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, तथा सीटिंग प्लान के अनुरूप बैठाने जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा की गाइडलाइन को अच्छी तरह पढ़ें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना शून्य रहे। हर अभ्यर्थी की आईडी जांचना अनिवार्य होगा, और परीक्षा नियमों का एक भी उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला सकता है। सभी अधिकारी पूर्वाभ्यास के तौर पर केंद्रों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत दूर करें। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि इस परीक्षा पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा। इसलिए इन परीक्षाओं की संवेदनशीलता को समझते हुए आप में से कोई भी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतेगा।

एडीएम और समन्वयी पर्यवेक्षक ने साझा की जरूरी जानकारियां बैठक की शुरुआत में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने अफसरों को परीक्षा में उनके उत्तरदायित्व बताएं। आयोग से नामित समन्वयी पर्यवेक्षक दिनेश पांडेय ने परीक्षा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी देकर संबंधित को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान उन्होंने पूछे गए प्रश्नो का सारगर्भित उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बैठक में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# 3.51 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद कर 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीफंटा के नेतृत्व में थाना गौरीफंटा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा, चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण 1.आशीष चौधरी उर्फ अमित पुत्र फिरूवा उर्फ फ़ेरू नि0 धुरजन्ना उरमा वार्ड नं 07 धनगढ़ी थाना कनरी जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र 2.राजू चौधरी पुत्र स्व0 गंगाराम चौधरी नि0 धुरजन्ना वार्ड नं 17 धनगढ़ी थाना कनरी जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते समय गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.51 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 29/25 धारा 8/21/23 गक्ष्ट्ट इएट्ठ बनाम अभियुक्तगण आशीष चौधरी उर्फ अमित व राजू चौधरी उपरोक्त पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सावन में शिवभक्ति की गूंज: सरयू घाट से मनमोहक झांकियों संग कांवड़ियों के दो जत्थे रवाना, छोटी काशी में करेंगे जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। सावन के पावन माह में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में रंगे कांवड़ यात्रा का उल्लास पूरे क्षेत्र में देखते ही बन रहा है। सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र से दो भव्य कांवड़ जत्थे सरयू घाट रामनगर बगहा से हर-हर महादेव के जयकारों के बीच रवाना हुए। गंतव्य था—छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ, जहां ये शिवभक्त बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

पहला जत्था रामनगर बगहा की ''शिव कमेटी'' का 21वां जत्था था, जबकि दूसरा जत्था छेदीपुरवा से सरयू घाट पहुंचा। दोनों जत्थों ने वैदिक मंत्रोच्चार, विधिवत पूजन और शिव महिमा के गगनभेदी उद्घोष के साथ पवित्र जल भरकर कांवड़ यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा के मुख्य पड़ावः

शिवभक्तों ने सबसे पहले दुर्गा माता मंदिर पहुंचकर माथा टेका और फिर डीजे की धुन पर झूमते हुए, आकर्षक झांकियों के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया। इसके बाद जोधापुरवा स्थित बीरबाबा स्थान पर कांवड़ियों ने पूजा-अर्चना कर यात्रा को और पवित्र किया।

रात्रि विश्राम शारदानगर में किया जाएगा, जहां सभी श्रद्धालु एकत्र होकर शिव चर्चा और भजन-कीर्तन करेंगे।

भक्ति में भाव और अनुशासनः

पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर, 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाए हुए थे। शिवभक्ति की यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामूहिक सहयोग, समर्पण और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन भी है।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुः

इस पवित्र यात्रा में सर्वेश विश्वकर्मा, कपिल शुक्ला, राम गोपाल मौर्य, अरुण अवस्थी, गब्बर सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव, बिनोद तिवारी, मोहित तिवारी, महेश कश्यप, बलराम यादव, आनंद शुक्ला सहित सैकड़ों शिवभक्तों ने भाग लिया

# एसडीएम रेनू मिश्रा की मेहनत लाई रंग, बच्चों को सकुशल निकाला कमरे से बाहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रधानाचार्य की प्रताड़ना से आहत 200 छात्रों ने खुद को किया कमरे मे था कैद**



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के एक विद्यालय मे प्रधानाचार्य की प्रताड़ना से आहत होकर खुद को एक कमरे मे किया कैद और अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए है थे जिसको सपना कश्यप व श्रीकान्त सिंह शाक्य के द्वारा, जो जानकारियां प्रशासन से प्रधानाचार्य द्वारा छिपायी गयी थी और मिथ्या जानकारी दी जा रही थी उनसे एस डी एम मितौली रेनू मिश्रा को अवगत कराया और मौके पर जाकर दोनो पत्रकारों द्वारा बच्चों को समझाने के बाद भी जिद अड़े हुए बच्चो के मामले को त्वरित संज्ञान लेते हुए एस डी एम रेनू मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को सकुशल बंद कमरे से बाहर निकाला और एस डी एम रेनू मिश्रा की मेहनत रंग लाई और उनकी मांगे पूरी की गयी जिसको मीडिया के समक्ष लिखित तौर पर दिया गया । मामला जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली का जहाँ पर प्रधानाचार्य संजीव सक्सेना द्वारा डी ग्रुप के कर्मचारी कमाल गाजी के पुत्र इमरान गाजी के साथ मिलकर छात्र व छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रुप से कई दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसका कोई छात्र यदि विरोध भी करता है तो उसको टी सी काटने की धमकी दी जा रही है। गुप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार एक छात्र ने अपना नाम व पहचान छुपाते हुए बताया है कि कमाल गाजी का पुत्र इमरान गाजी विद्यालय मे अभद्र व्यवहार करता है जिसका छात्र विरोध करते है तो इमरान गाजी के पिता जोकि विद्यालय मे ही ग्रुप डी के पद पर कार्यरत है और टेंडर लेने का कार्य करते है वह अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए अभद्र ब्यवहार करता है जिसकी प्रधानचार्य को शिकायत करने के वावजूद भी कोई कार्यवाही नही की गयी। छात्र ने आरोप लगाते हुए बताया था कि प्रधानाचार्य बच्चो के साथ बहुत बुरी तरह से अभद्र व्यवहार और मारपीट और छात्राओं को अपने दफ़्तर मे बुलाकर जबरदस्ती नृत्य करवाते है और छात्राओं के साथ अश्लील व घटिया हरकतें करते है,जिसका विरोध करने पर प्रधानाचार्य बच्चों के साथ बुरी तरह मारपीट करते है और टी सी काटकर बच्चों को विद्यालय से निकालने की धमकी देते है थे। पुलिस के डंडे व थप्पड़ों से की थी छात्रों की पिटाई, मीडिया से मांगी मदद । प्रधानाचार्य ने पिछले वर्ष रात मे चारों हाउस मास्टर के सामने सीनियर छात्र प्रशांत सिंह,शौर्य त्रिपाठी,पुनीत कुमार,सुमित राना को बुरी तरह से पुलिस का डंडा लेकर पुलिस के सामने ही मारा था और सुमित राना को तो टी सी देकर विद्यालय से निकाल भी दिया गया था। बच्चों की ग़लती यह थी कि बगल में कुछ खाने चले गए थे। उस समय का एक हाउस मास्टर महावर का ट्रान्सफर भी हो चुका है।जिसपर भी कोई कार्यवाही नही की गयी थी। छात्र ने बताया कि प्रधानचार्य के इस दुर्व्यवहार से प्रताड़ित होकर उन्होंने अपने लगभग 200 साथियों के साथ खुद को एक हाल मे कैद कर लिया था और न्याय की गुहार लगायी जब किसी ने संज्ञान नही लिया तो उन्होंने पत्रकार सपना कश्यप व श्रीकान्त सिंह शाक्य से मीडिया द्वारा मदद लेनी चाही और चुपके से फोन माध्यम से सम्पर्क किया जिसके उपरांत पत्रकारों ने तुरंत मामले को एस डी एम रेनू मिश्रा सहित अन्य उच्चधिकारियों को अवगत कराया और छात्रों की मदद की।

# एक करोड की राशि से चमकेगा श्री नीलकंठ बाबा का स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैमिषारण्य सीतापुर । मिश्रिख ब्लाक के ग्राम पंचायत पनाहनगर बड़ी गौरिया के पास स्थित नीलकंठ बाबा स्थान का सौंदर्यीकरण का सपना साकार होने जा रहा है इस धार्मिक स्थल के विकास हेतु पर्यटन विभाग मंत्रालय द्वारा एक करोड की धनराशि स्वीकृत की गई है यह सफलता क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत की निरंतर कोशिशो का परिणाम है अतः उनकी मेहनत रंग लाई और अब शीघ्र ही मन्दिर परिसर मे सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत की जायेगी नीलकंठ बाबा मन्दिर परिसर मे प्रत्येक वर्ष मे पांच दिवसीय भव्य मेला का आयोजन होता है जिससे काफी दूर से श्रद्धालु लोग आते है और अपनी मनोकामना पूर्ण करते है इस मेले का आयोजन प्रधान यानेन्दर जिसको अब प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन प्रधान अवधेश आकिल अभिराम है नीलकंठ बाबा मेला अध्यक्ष अकिल ने बताया की अब सरकार से प्राप्त इस बजट से मन्दिर परिसर का भव्य और आकर्षित रुप मे विकसित होगा उन्होनो कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और आस्था का विकसित है इस घोषणा से स्थानीय जनमानस मे उत्साह की लहर है मेला अध्यक्ष प्रधान व ग्रामीणो ने प्रदेश मुखिया योगी आदित्यनाथ एंव क्षेत्रीय संसद अशोक कुमार रावत रामकृष्ण विधायक ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय का हार्दिक योगी आदित्यनाथ एंव का धन्यवाद व आभार वाक्य किया

# औद्योगिक विकास से ही क्षेत्र में आएगी तरक्की : मंडलायुक्त

एजेंसी

**उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें अधिकारी, मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में दिए निर्देश**

मीरजापुर। मंडलायुक्त विन्ध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि औद्योगिक आस्थान ही किसी भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की नींव होते हैं। इसलिए उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। मंडलायुक्त सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें मीरजापुर, सोनभद्र व भदोही जनपदों से आए उद्यमियों की समस्याएं सुनी गईं।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर आधारित एकल मेज प्रणाली के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि मीरजापुर में विद्युत विभाग का एक और आवास विभाग के दो आवेदन, वहीं सोनभद्र में लोक निर्माण व विद्युत विभाग के एक-एक प्रार्थना पत्र तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्तपोषण योजना व युवा विकास अभियान योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने जनपद भदोही को स्वरोजगार योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में विंध्य विकास प्राधिकरण की ओर से हनुमान पड़रा को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने, आवासीय भूमि को व्यवसायिक उपयोग की अनुमति, शास्त्री सेतु पर जाम की समस्या, नमामि गंगे व जल जीवन मिशन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजेता, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात शिखा भारती, उपायुक्त उद्योग (सोनभद्र और भदोही) सहित कई उद्यमी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मानक विहीन अस्पतालों और झोला छाप डॉक्टरों पर प्रशासन मौन,स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सीतापुर जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली अब जानलेवा साबित हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर द्वारा पंजीकृत और गैर पंजीकृत अस्पतालों का निरीक्षण नोडल अधिकारियों के माध्यम से किए जाने के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ पा रहा है। अस्पतालों में मिली खामियों के बाद उन्हें अस्थायी रूप से बंद तो कराया जाता है, परंतु केवल 2 घंटे बाद ही वे अस्पताल फिर से संचालित होने लगते हैं।यह स्थिति यह दर्शाती है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही केवल दिखावे की बनकर रह गई है।आजाद अधिकार सेना सीतापुर के संगठन ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिले में झोला छाप चिकित्सकों का साम्राज्य लगातार फैलता जा रहा है। इन फर्जी डॉक्टरों के इलाज से अब तक कई निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है, और यह दुखद घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।संगठन का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारी इन मौतों पर आंखें मूंदे हुए हैं, जैसे उन्हें आम जनता की जान की कोई कीमत ही न हो। यह लापरवाही सीधे-सीधे प्रशासनिक भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर इशारा करती है।आज़ाद अधिकार सेना सीतापुर ने मांग की है कि:जिले में सभी पंजीकृत एवं अपंजीकृत अस्पतालों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो।झोला छाप चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए।दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शी निगरानी हेतु स्वतंत्र समिति का गठन किया जाए।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्यवाही नहीं की गई तो आमजन के हित में जनांदोलन किया जाएगा।

## शातिर चोर गिरफ्तार, नगदी व मोबाईल बरामद

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना रामपुर कलां पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी जैसी घटनाओं के संबंध में पंजीकृत अभियोगो में प्रकाश में आये शातिर अभियुक्त गोविन्द पुत्र सोहन पासी नि0ग्राम छावन थाना मानपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे चोरी से सम्बन्धित एक अदद मोबाईल वीवो रंग क्रीम व 820/- रूपये नगद बरामद हुए है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मोबाइल कन्दुनी में स्थिति मोबाइल की दुकान से चोरी किया था तथा ग्राम कमुआ में स्कूल इन्वर्टर व बैटरी चोरी किया था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के हाथ 2600/ रु0 में बेच दिया था यह 820/रु0 उसी के शेष बचे रूपये है। चोरी की घटनाओं के संबंध में मु0अ0सं0 199/25 धारा 305थ उगट्ट व मु0अ0सं0 164/25 धारा 331/305ई उगट्ट पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## जाति से जुड़ी लापरवाही या जानबूझी गलती? ग्राम प्रधान की भूल ने अनुसूचित जाति की महिला को बना दिया पिछड़ी जाति की

लखीमपुर, खीरी (ब्लॉक कुंभी) कैनविज टाइम्स संवाददाता । ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर ग्रट से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक अनुसूचित जाति की महिला के निवास प्रमाण पत्र में उसकी जाति बदल दी गई। यह गलती ग्राम प्रधान की ओर से हुई, जिसमें महिला को ''अनुसूचित जाति S चमार'' की बजाय ''पिछड़ी जाति S चमार'' दर्ज किया गया। मामला सामने आने पर प्रशासन हरकत में आया और सुधार का आश्वासन दिया है। मजरा बिहारीपुर निवासी शिल्पी देवी, पुत्री विजय पाल, ने जब निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया तो उनका नाम तो सही दर्ज हुआ, लेकिन जातिगत विवरण गंभीर रूप से गलत लिखा गया। यह सिर्फ एक दस्तावेज़ीय गलती नहीं, बल्कि संवेदनशील सामाजिक पहचान के साथ खिलवाड़ माना जा रहा है। प्रशासन की प्रतिक्रिया और सुधारात्मक कदमः संबंधित अधिकारियों ने तुरंत जांच कर गलती स्वीकार की और जल्द ही शिल्पी देवी को संशोधित प्रमाण पत्र देने की बात कही है। ग्राम प्रधान नवल किशोर को चेतावनी जारी की गई है। भविष्य में इस तरह की चूकों से बचने के लिए सभी ग्राम प्रधानों को दस्तावेज़ों की जांच और जातिगत पहचान के मामलों में विशेष प्रशिक्षण देने की योजना है।

गंभीर सवाल बरकरारः

क्या यह केवल एक मानवीय त्रुटि थी या ग्रामीण प्रशासन में फैली अज्ञानता और संवेदनशीलता की कमी का उदाहरण? जब तक जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाती, तब तक इस तरह की घटनाएं दोहराए जाने की आशंका बनी रहेगी।

# सावन के दूसरे सोमवार सिद्धेश्वर धाम में श्रद्धा का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली - सीतापुर । सिधौली के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु और कांवरिया बाबा भोलेनाथ के दर्शन को पहुंचे। इस अपार भीड़ के बावजूद सिधौली पुलिस पूरी मुस्तैदी और शांति व्यवस्था के साथ मैदान में डटी रही। कांवरियों को बिना लाइन में लगाए सीधे शिवलिंग पर जल अर्पण और दर्शन का विशेष अवसर मिला, जिससे भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़, फिर भी कोई अव्यवस्था नहीं। श्रद्धालुओं को लाइन से दर्शन, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष सहूलियत। कांवरियों को मिला विशेष रास्ता, सीधे जल चढ़ाने की अनुमति। सिधौली कोतवाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने निभाई उत्कृष्ट भूमिका। क्षेत्रीय जनता और श्रद्धालुओं ने पुलिस व्यवस्था की सराहना की।

# पाकिस्तान का वीडियो वायरल कर पश्चिमी यूपी में दंगे भड़काने की साजिश नाकाम, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

मुजफ्फरनगर । उत्तर प्रदेश पुलिस ने पाकिस्तान का एक पुराना वीडियो वायरल कर कांवड़ यात्रा को विफल करने और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की एक साजिश को नाकाम कर दिया है। इस मामले में मुजफ्फरनगर के ककरौली थाना पुलिस ने सोमवार को तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

सहारनपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अभिषेक सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। मुजफ्फरनगर संवेदनशील जनपद है और सुरक्षा की दृष्टि से एटीएस और आरएएफ तैनात की गई है। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि ककरौली थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति जो 'ककरौली युवक एकता व्हाटसअप ग्रुप' पर एक वीडियो और ऑडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया जा रहा है कि एक घर में महिला और उसके छोटे-छोटे बच्चों की लाश खून से सनी पड़ी है। जो ऑडियो डाला गया है, उसमें कहा जा रहा है कि यह वीडियो मुरादाबाद के ग्राम मंसूरपुर थारक नंगला के पास की है, जहां बजरंग दल के लोग मुस्लिम घरों में घुसकर लोगों को काट रहे हैं। उनकी हत्या कर रहे है और किसी को भी नहीं छोड़ रहे हैं। कई गांव में मुसलमानों की हत्या की जा रही है। इस वीडियो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें।

पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लेकर टीम गठित कर वीडियो वायरल करने वालों की तलाश शुरु कर दी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने तीन नदीम, मनशेर और रहीश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इन आरोपितों से पूछताछ जांच के दौरान पता चला कि यह वायरल वीडियो पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ जिले की है। यह घटना वर्ष 2024 में हुई थी, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सात साल के बच्चे को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या की थी।

डीआईजी सिंह ने बताया कि आरोपितों ने सोची समझी साजिश के तहत इस वीडियो को मुरादाबाद का बताते हुए विशेष समुदाय के लोगों को उकसाकर पश्चिमी यूपी में सांप्रदायिक दंगा भड़काने की कोशिश की है। यह लोग कांवड़ यात्रा को प्रभावित करना था। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त किया है। इस गिरोह में उनके कई साथियों के नाम प्रकाश में आए है, जिसको लेकर छानबीन चल रही है। डीआईजी अभिषेक सिंह ने जनपद और प्रदेशवासियों से अपील की है कि दुष्प्रेरणा से सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही इस वीडियो व ऑडियो पर ध्यान न दें। अगर कोई ऐसा करता है तो उसकी जानकारी पुलिस का दें।

# कमिश्नर,डीआईजी व डीएम ने कावड़ मार्ग का निरीक्षण कर कावड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**कमिश्नर ने निर्देशित किया कि विभिन्न शिविरों में दी जा रही खाद्य सामग्री का समय-समय पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी से जांच करवाई जाए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कमिश्नर बरेली मंडल बरेली सौम्या अग्रवाल, डीआईजी पुलिस अजय साहनी, जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियो के साथ बरेली-बदायूं कावड़ मार्ग का निरीक्षण किया।

उन्होंने थाना बिनावर में कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया व उन्हें केला, सॉफ्ट ड्रिंक आदि खाद्य सामग्री भी वितरित की। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि श्रावण मास के कावड़ यात्रा को एक पर्व की तरह उत्साह के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कॉवडियों का मार्ग सुगम बनाएं, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा को घटना रहित व सिंगल यूस प्लास्टिक मुक्त मनाया जाए। उन्होंने कावड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी पर लगाए गए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सजगता व गंभीरता से कार्य करने तथा कांवड़ियों से मधुर व्यवहार करने के लिए कहा।

कमिश्नर ने निर्देशित किया कि विभिन्न शिविरों में दी जा रही खाद्य सामग्री का समय-समय पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी से जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि संचालित अस्पतालों में एंटी वेनम व एंटी रेबीज के इंजेक्शन हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा सभी अस्पताल पर्याप्त दवाओ व चिकित्सकों के साथ संचालित हो। उन्होंने आगामी विभिन्न पर्वों के दृष्टिगत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा तथा मुख्य स्नान दिनो पर क्राउड मैनेजमेंट पर भी कार्य करने के लिए कहा। उप महानिरीक्षक पुलिस अजय साहनी ने पुलिस अधिकारियों को मुस्तैद होकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि कावड़ यात्रा के दृष्टिगत कछला घाट पर कावड़ियों की सुगमता के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई है जिसका उन्होंने समय-समय पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया है। उन्होंने कहा की कावड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण व घटना रहित ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कछला घाट पर व शहर के विभिन्न स्थानों पर वॉच टावर लगाकर निगरानी करवाई जा रही है। कछला घाट पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सफाई, प्रकाश, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न तैयारी की गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने सुरक्षा के दृष्टिगत की गई विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी सहित सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## 27 जुलाई तक पगमिल मशीन के लिये करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँ। जिला माटीकला एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क माटीकला टूलकिट्स वितरण योजना के अर्न्तगत पगमिल मशीन वितरण हेतु लाभार्थियो के चयन हेतु मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में पांच वर्षो (वर्ष-2019-20 से 2023-24 तक) वित्तपोषित, स्थापित, कार्यरत ऋण ग्रहिता उद्यमियो से पगमिल मशीन वितरण हेतु आवेदन पत्र 24 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निःशुल्क माटीकला टूलकिट्स वितरण योजना के अर्न्तगत पगमिल मशीन प्राप्त करने हेतु ऋण ग्रहिता उद्यमियो को ऑनलाइन पंजीकरण उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की वेवसाइट फ्द्धथप्द्धद्मथद्यथध्थन्द.द्धद्ध पर जाकर ऑनलाइन आवेदन 27 जुलाई 2025 तक करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क माटीकला टूलकिट्स वितरण योजना के अर्न्तगत पगमिल मशीन प्राप्त करने हेतु ऋण ग्रहिता उद्यमियो का चयन चयन समिति द्वारा किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु निःशुल्क माटीकला टूलकिट्स वितरण योजना में आवेदन करने हेतु कार्यालय जिला माटीकला व ग्रामोद्योग अधिकारी, मोहल्ला शहबाजपुर, निकट पुरानी चुंगी, बरेली रोड़ बदायूँ से सम्पर्क किया जा सकता है।

## नगर पालिका परिषद बिलारी में बोर्ड की बैठक सम्पन्न



बिलारी मुरादाबाद। नगर पालिका परिषद बिलारी में महत्वपूर्ण बोर्ड की बैठक आहुत की गई।इस बैठक में सम्मानित सभासदों के साथ शहर की समस्याओं के विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई और विकास हेतु सम्मानित सभासदों द्वारा सभी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुए।चेयरमैन रघुराज सिंह यादव ने सभी का आभार जताया।इस अवसर पर ईओ श्रीमती रजनी सिंह तथा सभी वार्ड सभासद मौजूद रहे।

## 75 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, तीसरा फरार



अलापुर। पुलिस ने शनिवार रात पांच तस्कर गिरफ्तार किए। पहली कार्रवाई में कार सवार दो तस्कर 75 किलो गांजा के साथ पकड़े गए। दूसरी कार्रवाई में 20 किलो डोडा छिलका के साथ तीन तस्कर पकड़े। रविवार को एसपी सिटी ने दोनों मामलों का खुलासा है। पुलिस ने पांचों तस्करों को जेल भेज दिया है। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शनिवार रात अलापुर एसओ उदयवीर सिंह को सूचना मिली कि बदायूं अलापुर रोड से कार सवार तस्कर आ रहे हैं। उन्होंने घेराबंदी करते हुए हसनपुर हुरियाई मार्ग पर कार सवार दो तस्करों को पकड़ लिया। उसमें आसपुर गांव निवासी आलिम व फदीरपुद का पवन है। कार की तलाशी लेने पर 75.890 किलो गांजा मिला। उनके पास तीन मोबाइल और 1920 रुपये की नगदी मिले। उनका तीसरा साथी भाग गया। वह उसहैत थानाक्षेत्र के गांव मसूदपुरा निवासी मुकर्रम पुत्र नन्हें है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है और कार को सीज का दिया है। तस्करों ने बताया कि वह उडीसा से गांजा खरीद कर लाते हैं। यहां महंगा दामों में बेचते हैं। आरोपी पवन ने बताया कि वह आलिम व मुकर्रम से कुछ दिन पहले ही मिला था। पुलिस ने बरामद गांजा की कीमत 20 लाख रुपये बताई है। 20 किलो डोडा छिलका के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार अलापुर पुलिस ने शनिवार रात जगत बाइपास मोड के पास से तीन डोडा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर मूसाझाग थानाक्षेत्र के गांव मनकापुर कौर निवासी कबीर पुत्र पप्पू, आदिल अंसारी पुत्र दूल्हे हसन और अमन अंसारी पुत्र पप्पू हैं। उनके पास से 20.843 किलो डोडा छिलका व तीन मोबाइल बरामद किए। पुलिस ने डोडा की कीमत दो लाख रुपये बताई है।

# मदरसा परीक्षा 2025 की अंक तालिकाएं अल्पसंख्यक कार्यालय से करें प्राप्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ द्वारा संचालित अरबी-फ़ारसी परीक्षा-2025 तथा एकल विषय परीक्षा-2024 की सेकेण्ड्री (मुंशी व मौलवी) तथा सीनियर सेकेण्ड्री (आलिम) कक्षाओं की अंकतालिका, सहप्रमाण-पत्र ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो गये हैं। मदरसा का प्रबन्धक, प्रधानाचार्य अंकतालिकाएं, सहप्रमाण-पत्र किसी भी कार्यदिवस में ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में कार्यरत मदरसा बोर्ड पटल सहायक मुअज़्ज़म यार ख़ॉं से प्राप्त कर सकते हैं। प्रबन्धक, प्रधानाचार्य अंकतालिकायें, सहप्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु छात्र, छात्राओं को अपने स्तर से भी सूचित कर दें जिससे कोई भी छात्र, छात्रा अगली कक्षा में प्रवेश प्राप्त करने से वंचित न रह सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्र व छात्रा की अंकतालिका व सहप्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होती है तो 31 जुलाई 2025 तक सम्बन्धित मदरसे के प्रधानाचार्य की ओर से प्रार्थना-पत्र मय छात्र व छात्रा के प्रवेश-पत्र एवं इन्टरनेट की अंकतालिका की प्रमाणित छायाप्रति के ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि 31 जुलाई 2025 के उपरान्त अंकतालिका व सहप्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होने सम्बन्धी कोई भी प्रार्थना-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा क्योंकि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा 01 अगस्त 2025 तक ही अंकतालिका, सहप्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जायेंगे।

## दो किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



बिनावर। पुलिस ने कार सवार एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य तस्कर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो किलो अफीम बरामद की है। बिनावर पुलिस कांवड़ डयूटी पर थी। रविवार दोपहर उनको जानकारी मिली कि उसैता में कार से अफीम लेकर कुछ लोग इधर से जाएंगे। पुलिस ने गांव पहुंचकर कार को घेर लिया। तभी घर के अंदर बैठे तस्कर छत के रास्ते भाग निकले। पुलिस ने कार और एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास दो किलो अफीम मिली। वह उसैता गांव निवासी आमिर है। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल कर युवक को जेल भेज दिया है।

# कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे का मनाया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद । राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस मल्लिका अर्जुन खरगे का जन्मदिन जिला उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के साथ कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया । सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे जी का 83 वां जन्मदिन कांग्रेस नेताओ व कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष शामली जनपद के कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व उपाध्यक्ष सलाम खान के साथ अलीगढ़ रोड स्थित निजी प्रतिष्ठान पर उनके चित्र के सम्मुख केक काटकर व एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया जन्मदिन मनाया। समारोह को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के पद से करने तथा अपने जीवन में लगातार नौ चुनाव जीतकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने तक किए गए परिश्रम में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव 2024 में बहुमत के करीब लाने का श्रेय देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से उन्हें मजबूत कर उनका सपना राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर उन्हें जन्मदिन का सच्चा तोहफा देने का आह्वान किया तथा वर्तमान में चल रही संगठन सृजन अभियान को उनके नेतृत्व में सफल कर जन-जन तक कांग्रेस को जोड़कर नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया इस अवसर पर राजेश कुमार शर्मा, नेपाल सिंह, शेर मोहम्मद, वकील खान राशिद खान, सोनू शमीम, राजू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## उर्जा मंत्री के कार्यक्रम में गुल हो गयी बिजली, मंत्री जी नाराज, मुख्य अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक 5 अधिकारी निलंबित



मुरादाबाद। शहर में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के कार्यक्रम के दौरान 15 मिनट तक बिजली गुल हो गई। इससे मंत्री नाराज हो गए। मामले की जांच के बाद एमडी पीवीएनएल ईशा दुहन ने बिजली आपूर्ति में लापरवाही के लिए मुख्य अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

## राज्य औसत से कम ना हो विभागीय प्रगति

बदायूं। सीडीओ ने 01 से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग व 11 से 31 जुलाई तक संचालित दस्तक रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि विभागीय प्रगति राज्य औसत से कम ना हो इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य किया जाए। उन्होंने जन जागरूकता के लिए गाष्ठियाँ कराने व अधिकारियों व कर्मचारियों का संवेदीकरण, उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण भी कराने के निर्देश दिए। कार्यों में शीथिलता बर्दाशत नहीं की जाएगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निवर्हन ठीक प्रकार से करें। उन्होंने ग्रामों में झाड़ियां की छटाई, नालों की सफाई, ग्राम वासियों व बच्चों का संवेदीकरण करने के लिए कहा। सीडीओ ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए और सभी एमओआईसी व अन्य विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की स्वयं समीक्षा कर कमियों को दूर करें। सीडीओ ने जन जागरुकता व सहयोग से संचारी रोग व दस्तक रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अगर किसी विभागीय अधिकारी को कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की सहायता या मार्गदर्शन की आवश्यकता है तो वह सीधे संपर्क कर सकते हैं लेकिन कार्यों में शीथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वस्थ मातृत्व व सुरक्षित प्रसव के लिये 31 जुलाई तक कराएं पंजीकरण

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि जनपद बदायूँ में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीआई 2.0) अन्तर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 15 से 31 जुलाई 2025 तक एक विशेष जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था की प्रारम्भिक अवस्था में महिलाओं को समय से योजना का लाभ प्राप्त कराना, जिससे उनकी पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके तथा कोई भी पात्र, महिला इस योजना से वंचित न रहे।उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने हेतु सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य करते हुये योजना का ब्यापक प्रचार-प्रसार करें, एवं अधिकतम पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करें।उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत गर्भावस्था के पंजीकरण एल0एम0पी0 तिथि के 6 माह के भीतर कम से कम एक प्रसव पूर्व जॉच पर प्रथम किश्त 3000 रुपए एवं बच्चे के जन्म का पंजीकरण 14 सप्ताह की आयु तक के सभी टीके लगे हों पर द्वितीय किश्त 2000 रुपए तथा दूसरे जीवित बच्चे (बालिका) के लिये लाभ प्राप्त करने के लिये गर्भवस्था के दौरान अनिवार्य पंजीकरण कराने पर तृतीय किश्त 6000 रुपए मिलने का प्रावधान है।उन्होंने जन सामान्य से अपील यदि आपके आस-पास कोई भी गर्भवती महिला, जो योजना की पात्रता रखती हो, निवास करती हो उसे अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकरण करवाने हेतु प्रेरित करें, जिससे वह इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

# डीएम और एसपी की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी संभल डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार बहजोई में व्यापार बंधु तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पुनर्वास व दिव्यांग व्यक्तियों के हितार्थ विभिन्न कार्यक्रमों हेतु विचार विमर्श के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई ।

गोष्ठी में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और समस्याओं का जल्द निस्तारण करना है। गोष्ठी में सम्बन्धित विभागों के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# 27 जुलाई को कड़ी सुरक्षा में होगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। आगामी 27 जुलाई को 26 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ व एआरओ) परीक्षा 2023 की तैयारियों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट अन्य अधिकारी व पुलिस अधिकारी परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, निविघ्न, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। एडीएम प्रशासन ने बताया कि 27 जुलाई को समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2023 के लिए जनपद में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 10824 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा एक ही पाली में पूर्वाह्न 9:30 से अपराह्न 12:30 तक होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक होंगे। एडीएम ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की व्यवस्था होगी, मोबाइल ले जाने की अनुमति केवल सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक को ही होगी, अन्य कोई किसी को भी मोबाइल ले जाना व उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।एडीएम ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व में जाने की अनुमति होगी। पेपर का ट्रक पांच लेयर का होगा, पेपर खोलते समय की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जा रही है। परीक्षा के उपरान्त गुलाब रंग की ओएमआर शीट आयोग को भेजी जाएगी, हरे रंग की ओएमआर कोषागार में जमा होगी तथा नीले रंग की ओएमआर अभ्यर्थी अपने साथ लेजा सकेंगे। एडीएम ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आपातकालीन चिकित्सा की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों व उसके आसपास सफाई व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें।उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों के आसपास निरीक्षण कराकर व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को परीक्षार्थियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए बसों के परिचालन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कॉपियां पुस्तक, नोट्स, पॉलिथीन बैग, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री, गुटका कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, ब्रीफकेस, कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं होगी। शासन स्तर से नामित अधिकारियों ने भी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा कर उनका संवेदीकरण किया। इस अवसर पर केंद्र व्यवस्थापक सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जितेन्द्र कमल आनन्द को दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से किया सम्मानित

**पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर साहित्यिक मुरादाबाद ने दयानंद डिग्री कॉलेज में किया सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल के साहित्य के प्रसार एवं संरक्षण को पूर्ण रूप से समर्पित संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से साहित्यकार स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए रामपुर के प्रतिष्ठित साहित्यकार जितेन्द्र कमल आनन्द को अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर दिग्गज मुरादाबादी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। वंदेभारत संस्था की ओर से धवल दीक्षित और मयंक शर्मा द्वारा उन्हें भारत माता का चित्र भेंट किया गया। सिविल लाइन स्थित दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित समारोह का शुभारंभ सह संयोजक मनोज मनु द्वारा मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुआ। साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने स्मृतिशेष दिग्गज मुरादाबादी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि 5 जनवरी 1930 को जन्में दिग्गज मुरादाबादी की दो काव्य कृतियां सीता का अंतर्द्वंद्व और श्री करवाचौथ व्रत कथा प्रकाशित हो चुकी हैं । उनका देहावसान 21 जुलाई 2009 को हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार राम किशोर वर्मा ने सम्मानित विभूति जितेन्द्र कमल आनन्द का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा आपकी प्रकाशित काव्य कृतियों में जयबाला जी, आनंद प्रवाह , श्री हनुमत उपासना- श्रीशुभ संवत, ब्रह्म कृपा हि केवलम् , राजयोग महागीता (परम पुनीता), गीत आनंद के , मधुशाला -हाला-प्याला, आनंद छंद माला (तीन भाग) उल्लेखनीय हैं। संयोजक राजीव सक्सेना ने कहा कि जहाँ एक ओर उनका व्यक्तित्व बेहद सहज , भव्य और विराट था वहीं दूसरी ओर उनका कृतित्व सरल,प्रवाहमय किंतु मौलिक था।दिग्गज जी एक अद्वितीय बालकवि थे । समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार उमाकांत गुप्त ने कहा दिग्गज जी की बाल कविताओं में बच्चों का मनोवैज्ञानिक चित्रण मिलता है। इस अवसर पर दिग्गज मुरादाबादी की रचनाओं की सस्वर प्रस्तुति भी की गई। डॉ पूनम बंसल ने उनका गीत तुम गुलाब की कोमल कलिका श्वेत सारिका रूपनगर की, अनुराग रुहेला ने कांवर भरने जाना है तो कुछ मत सोच विचार करो, डॉ रीता सिंह ने सबसे श्रेष्ठ सबसे पावन मैया का दरबार है , डॉ पुनीत कुमार ने उनकी बाल कविता रिक्शा वाला प्रस्तुत की। डा. महेश 'दिवाकर' ने कहा कि वे छंदप्रिय साहित्यकार थे। स्वच्छंद रचनाओ के वे कतई पक्षधर नहीं थे। उर्दू साहित्य शोध केंद्र के संस्थापक डॉ मुहम्मद आसिफ हुसैन ने कहा कि दिग्गज मुरादाबादी ऐसे एक मात्र शायर हैं जिसने ग़ज़ल के बजाय उर्दू में बाल साहित्य की रचना की।डॉ प्रेमवती उपाध्याय ने कहा वे राष्ट्र के प्रति भावुक और प्रचंड कट्टरचिन्तन के धनी थे।स्वदेश भटनागर ने कहा दिग्गज जी ने समूचे अर्थों में अपनी कविता को जिया। श्री कृष्ण शुक्ल ने कहा उनकी रचनाओं में श्रृंगार, अंतर्द्वंद, पीड़ा और जीवन का यथार्थवादी चित्रण मिलता है। उदय प्रकाश सक्सेना उदय ने कहा उनकी रचनाओं में आम आदमी की भाषा में हास्य व्यंग्य का समावेश है।

# डीएम ने प्राइवेट पैथोलॉजी लैब, निजी क्षेत्र के चिकित्सालय व नर्सिंग होम के लिए जारी की एडवाइजरी

**डीएम ने प्राइवेट पैथोलॉजी लैब/निजी क्षेत्र के चिकित्सालय, नर्सिंग होम के लिए एडवाइजरी की जारी प्राइवेट पैथोलॉजी लैब, निजी क्षेत्र के चिकित्सालय, नर्सिंग होम, संक्रामक रोग से प्रभावित रोगी चिन्हित होने पर सर्वप्रथम उसकी सूचना सीएमओ को दी जाए : डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त प्राइवेट पैथोलॉजी लैब/निजी क्षेत्र के चिकित्सालय/नर्सिंग होम को एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि शासन से समय-समय पर प्राप्त कराये गये दिशादिर्नेशों तथा नोटीफाइड बीमारियों के सन्दर्भ में उ0प्र0 शासन द्वारा प्रकाशित गजट, 'उ0प्र0 मलेरिया, डेंगू, कालाजर एवं अन्य संक्रामक रोग से रोकथाम एवं नियंत्रण विनियमावली 2016 में विहित उपबन्धों के क्रम में अवगत कराना है कि नोटीफाइड डिजीज (डेंगू, मलेरिया, कालाजार एवं अन्य संक्रामक रोग) से प्रभावित रोगी चिन्हित होने पर सर्वप्रथम उसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली को दी जायेगी, जिसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली द्वारा राजकीय पैथोलॉजी लंब (सेन्टिल सर्विलान्स हॉस्पिटल लैब जिला चिकित्सालय रायबरेली/रीजनल लैब स्वास्थ्य भवन लखनऊ) से करायी जायेगी। पुष्टि के पश्चात जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोग के प्रसार के सम्बन्ध में घोषणा की जायेगी। उक्त रोगों के प्रसार की घोषणा एवं प्रचार-प्रसार किसी प्राइवेट व्यक्ति/संस्था/चिकित्सालय/पैथोलॉजी सेन्टर द्वारा किया जाना पूर्णतः अवैधानिक है, यदि इस प्रकार की घोषणा से जनसामान्य में अनावश्यक भय व्याप्त होता है, तो सम्बन्धित व्यक्ति/संस्था/चिकित्सालय के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त चिकित्सकों, निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों/नर्सिंग होम/पैथोलॉजी सेन्टरों को निर्देशित किया है कि चिकित्सक द्वारा किसी भी रोगी के नोटीफाइड डिजीज के लिए टेस्ट सन्दर्भित करने पर सम्बन्धित पैथोलॉजिस्ट/पैथोलॉजी सेन्टर द्वारा मरीज के 02 सैम्पल लिये जायेगें तथा धनात्मक पाये जाने पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली में स्थापित कन्ट्रोल रूम/संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष में कार्यरत एपिडिमियोलॉजिस्ट डा0 ऋषि बाग्ची के मोबाइल /व्हाटसप नं0- 7007720408 पर सूचना दी जायेगी तथा एक सुरक्षित सैम्पल संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली को प्रति परीक्षरण हेतु उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

# जायस में राज्यमंत्री ने फीता काटकर किसान गोष्ठी का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## किसान गोष्ठी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का किया अवलोकन



अमेठी। कृषि विभाग द्वारा सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू व कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक गोष्ठी का शुभारम्भ राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने फीता काट कर शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपकृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ किसान गोष्ठी में विभिन्न विभागों यथा कृषि, उद्यान, मत्स्य, वन, लघु सिंचाई, दुग्ध विकास, बाल विकास, स्वास्थ्य, बैंक, इफको, समाज कल्याण, नलकूप, भूमि संरक्षण, स्वयं सहायता समूह आदि के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इन स्टालों के माध्यम से गोष्ठी में आए हुए किसान भाइयों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आधुनिक खेती करने की विधि बताई गई। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के किसान भाइयों को गोष्ठी का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में किसान भाई कृषि की उन्नत तकनीकी के बारे में सीखें तथा उसी के आधार पर खेती करें और अपनी फसल की पैदावार को बढ़ाएं। इस दौरान मा. राज्य मंत्री जी ने वर्तमान में पर्यावरण की समस्या को देखते हुए किसान भाइयों से अपील किया कि आप लोग पेड़ जरूर लगाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टिट्यूट के सहयोग से एक स्कीम चलाई जा रही है। किसान गोष्ठी में जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गोष्ठी के माध्यम से किसान भाई नई उन्नत तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त करें तथा उसी के अनुसार खेती कर अपनी आय को बढ़ाएं। किसान गोष्ठी में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, रमेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा जनपद के भारी संख्या में सम्मानित किसान बंधु मौजूद रहे। थ

# अत्याधुनिक संसाधनों से लैस धनपतगंज थाना में शुरू हुआ कामकाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बड़े इंतजार के बाद 21 जुलाई से आखिर धनपतगंज (अतरसुमा) थाने में कार्य सरकार प्रारम्भ हो गया। नए थाने में कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। पूर्व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने कार्यकाल में धनपतगंज में व्याप्त

**पूर्व सांसद मेनका संजय गांधी के प्रयास से शासन से स्वीकृत हुआ था यह थाना**

अराजकता व आपराधिक गतिविधियों के दृष्टिगत धनपतगंज चौकी को थाना बनाने का निर्णय लिया। क्षेत्रवासियों के मंशानुरूप शासन से 11.80करोड़ की लागत से निर्माण के लिए प्रीज कंस्ट्रक्शन को निर्माण कार्य मिला। 16 जनवरी 2023 को तत्कालीन पुलिस कप्तान सोमेन वर्मा व कोतवाल श्रीराम पांडेय द्वारा विधि विधान से पूजा कर थानानिर्माण का उद्घाटन हुआ। थाना भवन में आधुनिक संशाधनों/सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। 41 ग्राम सभाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ नया थाना अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैद है। जिसका अब 21 जुलाई को कार्य सरकार शुरू हो गया है। धनपतगंज थाना अस्तित्व में आने के बाद थाने पर प्रथम नियुक्ति इंस्पेक्टर मनोज शर्मा की हुई। जिन्होंने अपनी कार्य कुशलता और वाक पटुता से जहां क्षेत्र के अपराधियों पर निडरता पूर्वक अंकुश लगाकर अपराध पर अंकुश लगाया तो वहीं क्षेत्र की जनता के चहेते बन गए। आज भी उनकी कार्य क्षमता को लोग याद करते हैं। अब धनपतगंज के आधुनिक थाना के थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रवीण यादव के नेतृत्व में नए थाने में कार्य शुरू कर दिया है। नए थाने में कार्य शुरू होने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

## दुर्घटना में घायल खिलाड़ी आदित्य कश्यप के इलाज के लिये आगे आईं स्मृति ईरानी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौरीगंज के सराय भागमानी के खिलाड़ी आदित्य कश्यप का कुछ दिनों पूर्व एक्सीडेंट हो गया था जिसमें आदित्य कश्यप घायल हो गये थे जिनका इलाज लखनऊ स्थित कमांड अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई कि आदित्य कश्यप का इलाज कमांड हॉस्पिटल में चल रहा है और उसको कुछ मदद की आवश्यकता है। पूर्व सांसद ने सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान लेते हुये जिला प्रशासन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को निर्देशित किया की आदित्य कश्यप का समुचित इलाज हो सके।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह,जिला उप क्रीड़ाधिकारीय मोहम्मद मुशर्रफ़ खान एवं जिला उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, विषुव मिश्रा जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद्र कौशिक मंडल अध्यक्ष अजय सिंह गौर,अरुण मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता आदित्य कश्यप के घर पहुंचकर जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति के कोष से पच्चीस हजार रुपये का चेक दिया और आगे भी मदद करने के लिये भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन कंधे से कंधा मिलाकर इलाज में पूरा सहयोग करेंगे परिवार को आश्वासन दिया।

## भाजपाइयों ने नम आंखों से अर्पित की श्रद्धांजलि

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर विगत दिनों सड़क दुर्घटना में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे का दुखद देहांत हो गया था।सोमवार को भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि राहुल दुबे भाजपा के समर्पित कार्यकर्त्ता रहे।हम सभी भारतीय जनता पार्टी परिवार इस दुख की घड़ी में राहुल के परिवार के साथ हर दुख सुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहे राहुल दुबे के चित्र पर वेद प्रकाश द्विवेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,विषुव मिश्रा,चन्द्रमौलि सिंह,आशा बाजपेई, संदीप दुबे अनिल पाण्डेय,विजय किशोर तिवारी, सुरेश तिवारी,अरुण मिश्रा, शेखर तिवारी, मनीष पाठक, दिनेश तिवारी, अंसू तिवारी, शरद शंकर मिश्रा सहित सैकड़ो संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किया।

## खंड शिक्षा अधिकारी नें निरीक्षण उपरान्त किया वृक्षारोपण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय श्याम बिहारी ने प्राथमिक विद्यालय हलियापुर प्रथम का निरीक्षण किया और विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने ग्यारह छायादार और शोभा देने वाले पौधे लगाए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी नें कहा कि ल्पेड़ धरती का गहना है। पेड़ से हमें छाया, फल, फूल के साथ ऑक्सीजन मिलता है। पेड़ लगाने के साथ-साथ उसका देखभाल करना भी जरूरी है। प्रधानाध्यापक पेड़ के रख-रखाव के लिए ट्री गार्ड जरूर लगवाएं। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक पाया और नामांकन बढ़ाने व विद्यालय को निपुण बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानाध्यापक/अध्यक्ष उ.प्र.प्रा.शि.संघ बल्दीराय राज बख्श मौर्य ने स्मृति चिह्न देकर नए बीईओ का सम्मान किया। इस अवसर पर स.अ. इल्फाम खान,रंजना,देवेंद्र कुमार यादव,विंदू सिंह,रिंकू सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बलिया : हल्दी होगा जिले का नया नगर पंचायत

बलिया। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत हल्दी को नया नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलते ही जिले में एक और नगर पंचायत आकार ले लेगा। फिलहाल हल्दी गांव की आबादी 26 हजार है। इसे नगर पंचायत बनाए जाने की मांग वर्षों से हो रही थी। इसका क्षेत्रफल 1693.572 हेक्टेयर है। जबकि आबादी 26 हजार 101 है। गांव की बड़ी आबादी को देखते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल के बाद जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने ग्रामसभा हल्दी को नगर पंचायत का दर्जा दिलाये जाने के लिए नगर विकास विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया है। नवसृजित नगर पंचायत हल्दी में राजस्व ग्राम हल्दी, चौबेबेल गंगबरार, चौबेबेल, भरसौता, बन्धुचक, सुल्तानपुर, ननदपुर, परसिया, कपूरपाह जिसमें पांच ग्रामसभा हल्दी, भरसौता, सुल्तानपुर, नन्दपुर व परसिया सम्मिलित है। इसकी जानकारी देते हुए एडीएम त्रिभुवन ने बताया कि ग्रामसभा हल्दी को नगर पंचायत का दर्ज़ा प्राप्त होने से सड़क, नाला-नाली, साफ-सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था, जल संयोजन, सौन्दर्यीकरण, पार्क व्यवस्था आदि सुविधाओं में वृद्धि होगी। हल्दी को नगर पंचायत बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की खबर से गांव के लोगों में खुशी की लहर है।

## तहसील गेट से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बाइक जलाभिषेक यात्रा हुई रवाना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बाइक जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्टेशन रोड नगर पुलिस चौकी से होते हुए माधोटांडा गोमती उद्गम स्थल पर पहुंचे गी और वहां से जल लेकर यह यात्रा बापस पूरनपुर होते हुए। सिरसा जंगल में स्थित बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पर पहुचकर जलाभिषेक करेंगे। यात्रा को लेकर पूरनपुर और माधोटांडा दोनों थानों की पुलिस अलर्ट रही और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यात्रा के साथ मौजूद रही।

## कानपुर में खेरेश्वर महादेव मंदिर एवं गंगा घाट का संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार ने निरीक्षण किया

कानपुर। कानपुर में सोमवार को थाना शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर महादेव मंदिर एवं गंगा घाट पर संभावित भारी भीड़ के दृष्टिगत संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी, सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अमरनाथ तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## धू-धू कर जली बाइक, बाजार में मचा हड़कंप

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के कलवारी बाजार में सोमवार की दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपने ही घर के सामने खड़ी बाइक में आग लगा दी। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी, लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास की दुकानें खाली हो गईं और सड़क दोनों ओर से ठप हो गई। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। कलवारी बाजार निवासी 45 वर्षीय दिलीप केशरी, जो आदर्श रामलीला समिति का अध्यक्ष भी बताया जा रहा है, शराब के नशे में घर आया और परिजनों से किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगा।

# हवन पूजन के साथ महाविद्यालय में सत्र 2025-26 का प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पवित्र सावन के दूसरे सोमवार को गनपत सहाय महाविद्यालय के पयागीपुर स्थित मुख्य परिसर में पूजन अर्चन के पश्चात नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह 'राणा' सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के प्रबंधक के साथ प्रबंध समिति के सदस्य सौरभ पाण्डेय 'मुनी' और आशीष पाण्डेय 'सनी' पूरे परिवार के साथ पूजा में सम्मिलित हुए जिसमें मंत्रोच्चार और पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन कर नए सत्र का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि जहां एक तरफ शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है और निरंतर शिक्षा के मंदिरों का स्तर गिर रहा है वहां आज भी गनपत सहाय महाविद्यालय समाज के सभी वर्गों के छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा और सुविधाएं प्रदान कर रहा है। गनपत सहाय महाविद्यालय सुल्तानपुर का पहला महाविद्यालय है जिसकी स्थापना 1967 में हुई और आज भी छात्र हित में निरंतर प्रयासरत है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि गनपत सहाय महाविद्यालय विगत 58 वर्षों से इस क्षेत्र का अग्रणी महाविद्यालय है जहां 10000 से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महाविद्यालय में उच्च स्तर के शिक्षण कक्ष, उत्कृष्ट लैब, पुस्तकालय, वाचनालय, जिम, हॉस्टल, खेल मैदान आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल- कूद, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि सुविधाएं भी उपलब्ध है। महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय के अंतर्गत शिक्षण व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध है और साथ ही अन्य कई ख्यातिलब्ध विश्वविद्यालयों के साथ भी शिक्षा की गुणवत्ता को और प्रभावशाली बनाने के लिए अनुबंध किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और कर्मचारीगणों की उपस्थिति रही।

## शिव मंदिरों में भक्तों का उमड़ा सैलाब, भक्तों ने की पूजा अर्चना

फतेहपुर । सावन के दूसरे सोमवार को जिले भर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। शहर के सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मंदिर, जहानाबाद कस्बे के प्राचीन श्री राजराजेश्वर धाम (बाड़े बाबा) मंदिर में सावन मास के दूसरे सोमवार को भोर पहर से ही जलाभिषेक करने वाले भक्तों का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया। बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में वितरण प्रसाद को भक्तों ने ग्रहण किया। मंदिरों में शिव भक्तों की ओर से भजन कीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।

इस मौके पर मंदिर के महंत श्री गोपालानंद जी महाराज, हेमंत कुमार बाजपेई, सुत्तन लाल बाजपेई, अमन सिंह, कल्लू ओमर, अमन सिंह, बब्बू त्रिवेदी, दिग्विजय सिंह, गौरव, दीपक, लवलेश दीक्षित आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के द्वारिकापुर जट्ट गांव के समीप स्थित कालेश्वर मंदिर सहित प्राचीन मां अंबिका देवी मंदिर, सिद्धेश्वर आदि शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।

# लगातार दूसरे दिन भी पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। बीते 24 घंटे में पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मुठभेड़ों में जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से हथियार, कारतूस और एक कार बरामद की है। पकड़े गए अपराधी हाल ही में हुई गैंगवार और संभावित हत्या की साजिश में शामिल बताए जा रहे हैं। रविवार को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बलरामऊ गांव के पास सैफुल्लागंज से आ रही संदिग्ध कार को पुलिस ने रोका। कार सवारों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने मोर्चा संभाला। कुछ ही देर की मुठभेड़ के बाद शक्ति सिंह और देवदत्त सिंह उर्फ बाबा के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके पर दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ 12 से अधिक संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मौके से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस और एक कार बरामद हुई है। दूसरी मुठभेड़ दोस्तपुर में: एसओजी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई 20 जुलाई की रात दोस्तपुर थाना क्षेत्र में एसओजी और पुलिस की टीम ने मोतिगरपुर से दोस्तपुर की ओर जा रही एक बाइक को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवारों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में राजमंगल सिंह उर्फ गोलू और आदित्य सिंह घायल हो गए। दोनों को पकड़ लिया गया, जबकि एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया। राजमंगल पहाड़पुर रायपट्टी का निवासी है, जबकि आदित्य सिंह बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र से है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस की मुठभेड़ से एक दिन पहले शुक्रवार रात मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा बाजार में दो गैंग के बीच जमकर बवाल हुआ था।

# पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन भाजपा पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।कलीनगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के नगर पंचायत कलीनगर में पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन कलीनगर के स्थानीय सपा नेताओं द्वारा किया गया संचालन सपा नेता ओम शर्मा ने किया एवं अध्यक्षता समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने किया।इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर कार्यक्रम मे पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी एवं पूर्व विधायक अरशद खा ने भी सभा को संबोधित किया।पी.डी.ए.पंचायत की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''भाजपा सरकार जनविरोधी और पीडीए विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तब से पीडीए समाज को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं समाजवादी पार्टी का लक्ष्य संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को पिछड़े, अगड़े और दलितों तक पहुंचाना है।मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी ने ''संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की एव गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान की भी याद दिलाई और भाजपा को संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन बताया।पूर्व विधायक अरशद खा सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ''जैसे-जैसे भाजपा ताकतवर होगी, वह संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी। लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के साथ मजबूती से खड़ी है।जिलाध्यक्ष सपा अल्पसंख्यक सभा रियाज खा ने कहा सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे हम सबको मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है।कार्यक्रम को मुख्य रूप से सपा नेता शिवम् यादव.राम प्रवेश यादव.महिला सभा की मीता सिंह.रियाज़ खान.कलीनगर अध्यक्ष याकूब अंसारी.आकाश भारती. गोपाल वर्मा. गुड्डू पांडे आदि स्थानीय वक्ताओं ने सम्बोधित किया है।

# तहसील परिसर नगरपालिका अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप लगाकर सपा नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष हाजी लाडले उर्फ मुजफ्फर खान ने नगरपालिका अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि पूरनपुर नगरपालिका क्षेत्र का सीमा विस्तार चोरी छिपे एवं भेदभाव के तहत किया जा रहा है। आरोप है कि नगरपालिका से बिल्कुल लगी हुई सीमा पूरनपुर रजागंज देहांत, मोहल्ला ब्लॉक खानकाह नगर पालिका क्षेत्र की सीमा से जुड़ी हुई हैं। उसके बाद भी नगर पालिका अध्यक्ष किसान, अल्पसंख्यक, वाल्मीकि समाज के क्षेत्र को छोड़कर अपने निजी स्वार्थ के लिए। मोहल्ला पंकज कॉलोनी, सरवन कॉलोनी और अशोक कॉलोनी को नगरपालिका क्षेत्र में मिलाकर अपना निजी स्वार्थ पूरा करना चाहते है। इसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। इसी को लेकर समाजवादी नगर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सोपा और नगर पालिका से जुड़े हुए क्षेत्र को नगर पालिका में शामिल करने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं।

# महिला चिकित्सालय में फार सीलिंग गिरने से बड़ा हादसा होने से टला, फार्मासिस्ट के कमरे की गिरी सीलिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय का आधी अधूरी व्यवस्था के बीच शुभारंभ किया गया है। सोमवार दोपहर तीन बजे मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि फार्मासिस्ट के कमरे में फार सीलिंग लगाई गई थी और उसी स्टोर में सभी दवाइयों का रखरखाव है। रविवार की रात में फार सीलिंग टूटकर नीचे गिर गई। जब सुबह फार्मेसी रूम खोला गया तो यह देख हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि अस्पताल टाइम में फार सीलिंग नही गिरी बरना बड़ा हादसा हो सकता था। सोमवार को जब इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष राज शर्मा से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्हें स्टाफ के द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।

# कुएं से गोवंशों के कटे सिर मिलने से ग्रामीण आक्रोशित

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मेंहाराम गांव में सोमवार को कुएं से गोवंशों के कटे सिर मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीण इकट्ठे हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर डफलपुर गांव के पास प्रदर्शन शुरू कर दिया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित एक कुएं में लगभग एक दर्जन गोवंशों के कटे हुए सिर मिले। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं हो रही हैं। गोसाईगंज और जयसिंहपुर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज करने और 27 जुलाई तक आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। सीओ आशुतोष कुमार ने कहा कि मिले अवशेष पुराने प्रतीत होते हैं। उन्होंने जांच के बाद कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के आश्वासन के बाद करीब तीन घंटे तक चला प्रदर्शन समाप्त हो गया। संत आनंद चैतन्य ने चेतावनी दी है कि यदि 27 जुलाई तक कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिले में धरना देंगे।

## माधोटांडा रोड पर स्थित इफको बाजार पर खाद न मिलने से लोग परेशान, चार दिनों से काट रहे लोग चक्कर

पूरनपुर। माधोटांडा रोड पर स्थित इफको बाजार पर यूरिया खाद लेने को लेकर लोग पिछले कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं। सोमवार दोपहर 12 बजे महिलाओं ने बताया कि वह चार दिनों से रोज सुबह लाइन में आकर लग जाती हैं और उसके बाद भी उनको खाद नहीं मिल पा रही हैं। विधवा महिला बेलमती ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी हैं और घर परिवार की जिम्मेदारी उस पर सिर्फ एक बोरी खाद लेने को लेकर वह भी तीन चार दिनों से परेशान हैं। यूरिया खाद की किल्लत लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सुबह से लाइन में लगने के बाद भी गरीब मजबूर लोगों को खाद नहीं मिल पा रही हैं। जिसको लेकर लोग काफी परेशान हैं और लोगों की भीड़ उमड़ रही हैं।

# कन्याकुमारी की यात्रा और समुद्र की पीड़ा

हाल ही में मेरा तमिलनाडु जाना हुआ। इस बार कन्याकुमारी का प्रवास था। यहां समुद्र तट सुबह सवेरे सैर करना, सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखना अपने आपमें अद्भुत है, बहुत ही खूबसूरत है। कन्याकुमारी में तो इसलिए भी इसकी सुंदरता बढ़ जाती है, क्योंकि यहां तीन समुद्रों का संगम होता है। लेकिन जब हम समुद्रों की पीड़ा देखते हैं तो यह रोमांच काफूर भी हो जाता है। आज इस कॉलम में इसी यात्रा से जुड़े कुछ अनुभव साझा करना चाहूंगा, जिससे दक्षिण की प्राकृतिक सुंदरता के साथ, समुद्र की पीड़ा, और वहां के जनजीवन की भी झलक मिल सके। मैं यहां लम्बी ट्रेन यात्रा करके पहुंचा था। कन्याकुमारी, हमारे देश का अंतिम छोर है। यहां अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर का संगम स्थल है। यहां सूर्योदय व सूर्यास्त के मनमोहक दृश्य दिखाई देते हैं। मैंने तीन दिनों तक विशाल सागर के दर्शन किए और मनोरम दृश्य की कई छटाएं देखीं। समुद्र तट पर सुबह व शाम की सैर भी की। यह कई मायनों में यादगार यात्रा रही। यहां समुद्र तट के पास ही स्वामी विवेकानंद रॉक, तिरूवल्लुवर प्रतिमा भी है। दूर-दूर तक फैला विशाल सागर, उसमें उठती-बैठती समुद्री लहरें, समुद्र तटों से टकराती उसकी आवाजें, नीले हरे समंदर की मनमोहक छटाएं। ऐसा लगता है जैसे घंटों निहारते रहो। कन्याकुमारी का हरा-भरा परिवेश, यात्रा के दौरान नारियल के लहराते पेड़, केला और रबर के पेड़ मोहते हैं। जगह-जगह तालाब भी हैं। तालाबों में कमल खिले हुए थे। लोगों के घरों में भी अच्छे किचिन गार्डन थे। केले के पेड़ तो सभी घरों में दिखाई दिए। मैं यहां विकल्प संगम की बैठक में शामिल हुआ। विकल्प संगम, एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें क्षेत्रीय और मुद्दों पर अलग-अलग हिस्सों में गोष्ठियां होती हैं। वैकल्पिक करने वाले जो समुदाय, व्यक्ति, समूह और संस्थाएं काम कर रही हैं, उनके अनुभव सुने-समझे जाते हैं और एक दूसरे से सीखा जाता है। इसके माध्यम से आपस में विचारों का आदान-प्रदान करने, गठजोड़ मजबूत करने और मिलजुल कर बेहतर भविष्य बनाने की कोशिश की जाती है। यहां आर्थिक संगम आयोजित किया गया था। यात्रा के दौरान मैंने दक्षिण भारतीय भोजन का आनंद लिया। जिसमें दाल, पायसम, गुडादाल, अबीइल, रस्म, केसरी, इडली सांभर, दोसा, वड़ा, पकोड़ा, चटनी इत्यादि शामिल थे। इस दौरान, मैं स्थानीय महिला संगठन मालार के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भी मिला। मालार यानी ( महालिर एसोसिएशन फॉर लिटरेसी अवेयरनेस एंड राइट्स), यह एक महिला संगठन है, जो संपूर्ण साक्षरता अभियान के बाद सामाजिक गतिविधियों से उभरा है। उनके मुख्य कार्यालय नागरकोइल में गया। उनकी बस्ती में जाकर उनके सदस्यों से मिला। इस संगठन के करीब 2000 बचत समूह हैं, जिनसे 30,000 से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। इस संगठन ने महिलाओं को एकजुट करना, फिजूलखर्ची कम करना और बचत करना। छोटे-छोटे ऋणों के माध्यम से सामाजिक आर्थिक विकास करना। सामाजिक और आर्थिक मुद्दों में शामिल होना। महिला नेतृत्व के विकास पर जोर दिया है। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मलार के काम को समझने के लिए फील्ड विजिट भी की गई। मैं नागरकोइल की एक बस्ती में भी गया। वहां की महिलाओं ने बताया कि उनका बचत समूह 25 साल से चल रहा है। उनके समूह में 20 सदस्य हैं। हर हफ्ते प्रति सदस्य 100 रूपए जमा करते हैं, यानी प्रति माह 400 रूपए। यह राशि जमा होती है और सदस्यों को जरूरत पड़ने पर ऋ ण के रूप में दी जाती है। सब्जी विक्रेता, डेयरी, सिलाई, मुर्गीपालन, मत्स्य पालन इत्यादि कामों के लिए ऋ ण दिए जाते हैं। इस सबका बहुत ही अच्छा असर देखने को मिल रहा है। महिलाओं के अनुसार वे आत्मनिर्भर बन रही हैं, और उनके जीवन पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। रोजगार के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य बुनियादी सुविधाओं में भी काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कई मुद्दों पर संघर्ष भी किया है। इस दौरान साक्षरता अभियान की याद आई। 90 के दशक में साक्षरता अभियान में केरल की अग्रणी भूमिका थी।

# नागेश्वर ज्योतिर्लिंग: जब भक्त की रक्षा के लिए स्वयं प्रकट हुए भगवान




भगवान शंकर के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग दसवां है। यहां भगवान शंकर नागेश्वर स्वरूप में अपने परम भक्त सुप्रिय की रक्षा करने के लिए प्रकट हुए थे और भक्तों के अनुरोध पर ज्योतिर्लिंग स्वरुप में यहीं प्रतिष्ठित हो गए। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का वर्णन श्रीशिवमहापुराण एवं स्कंद पुराण के अलावा वामन पुराण सहित अन्य अनेक ग्रंथों में भी मिलता है। श्रीशिवमहापुराण के अनुसार प्राचीन समय में दारूक नामक एक भयानक राक्षस हुआ करता था। उसकी पत्नी दारुका माता पार्वती की कृपापात्र थी। जिससे वह अहंकार में चूर रहती थी। उसका पति दारुक बलशाली राक्षस था। वह दूसरे अन्य राक्षसों के साथ मिलकर यज्ञ आदि शुभ कर्मों को नष्ट करता हुआ सन्त-महात्माओं का संहार करता था। वे पश्चिमी समुद्र के किनारे सभी प्रकार की सम्पदाओं से भरपूर सोलह योजन विस्तार वाले दारुक वन में निवास करते थे। माता पार्वती के वरदान से दारूका जहाँ भी जाती थी, वृक्षों तथा विविध उपकरणों से सुसज्जित वह वनभूमि अपने साथ ले जाती थी। महादेवी पार्वती ने उस वन की देखभाल का दायित्व दारूका को ही सौंपा था इस कारण यह वन सदैव उसके पास रहता था। दारुक,दारुका एवं उनके सहायक राक्षस वहां के निवासियों को तरह तरह से प्रताड़ित करते थे। उनके अत्याचारों से पीड़ित रहवासियों ने महर्षि और्व को अपना कष्ट सुनाया। शरणागतों की रक्षा के धर्म पालन करते हुए महर्षि और्व ने राक्षसों को शाप दे दिया। उन्होंने कहा कि जो राक्षस इस पृथ्वी पर प्राणियों की हिंसा और यज्ञों का विनाश करेगा, उसी समय वह अपने प्राणों से हाथ धो बैठेगा। महर्षि और्व द्वारा दिये गये शाप की सूचना जब देवताओं को मालूम हुई, तब उन्होंने दुराचारी राक्षसों पर चढ़ाई कर दी। राक्षसों पर भारी संकट आ पड़ा। यदि वे युद्ध में देवताओं को मारते हैं, तो शाप के कारण स्वयं मर जाएँगे और यदि उन्हें नहीं मारते हैं, तो पराजित होकर स्वयं मर जाएँगे। उस समय दारूका ने माता पार्वती के वरदान का प्रयोग किया और वह सम्पूर्ण वन को लेकर समुद्र में जा बसी। अब ये राक्षस समुद्र में निवास करते हुए वहाँ भी प्राणियों को सताने लगे। एक बार धर्मात्मा और सदाचारी सुप्रिय नामक शिव भक्त वैश्य नौका पर सवार होकर समुद्र में जलमार्ग से कहीं जा रहा था, उस समय दारूक राक्षस ने नौका पर आक्रमण कर दिया। उसने सुप्रिय सहित सभी लोगों का अपहरण कर उन्हें बन्दी बना लिया। सुप्रिय शिव जी के अनन्य भक्त थे, इसलिए वह हमेशा शिवजी की आराधना में लगे रहते थे। कारागार में भी उनकी आराधना बन्द नहीं हुई और उन्होंने अपने अन्य साथियों को भी शिवजी की आराधना के प्रति जागरूक कर दिया। कारागार में सभी बंदी शिवभक्ति में लीन हो गए। जब इसकी सूचना राक्षस दारूक को मिली, तो वह क्रोध में उबल उठा। उसने देखा कि कारागार में सुप्रिय ध्यान लगाए बैठा है, तो उसे डाँटते हुए बोला- वैश्य! तू आँखें बन्द करके मेरे विरुद्ध कौनसा षड्यन्त्र रच रहा है? राक्षस दारूक ने अपने अनुचरों को आदेश दिया कि इस शिवभक्त को मार डालो। अपनी हत्या के भय से भी सुप्रिय डरे नहीं और संकटमोचक भगवान शिव को पुकारने में ही लगे रहे। सुप्रिय की प्रार्थना को सुनकर भगवान शिव एक बिल से प्रकट हो गये। उनके साथ ही चार दरवाजों का एक सुन्दर मन्दिर प्रकट हुआ। उस मन्दिर के मध्यभाग में (गर्भगृह) में एक दिव्य ज्योतिर्लिंग प्रकाशित हो रहा था तथा शिव परिवार के सभी सदस्य भी उसके साथ विद्यमान थे। वैश्य सुप्रिय ने शिव परिवार सहित उस ज्योतिर्लिंग का दर्शन और पूजन किया।

इतिसं प्रार्थितः शम्भुर्विवरान्निर्गतस्तदा।
भवनेनोत्तमेनाथ चतुर्द्वारयुतेन च?
मध्ये ज्योतिःस्वरूपं च शिवरूपं तदद्भुतम्।
परिवारसमायुक्तं दृष्टवा चापूजयत्स वै?
पूजितश्च तदा शम्भुः प्रसन्नौ ह्यभवत्स्वयम्।
अस्त्रं पाशुपतं नाम दत्त्वा राक्षसपुंगवान्
जघान सोपकरणांस्तान्सर्वान्सगणान्द्रुतम्।
अरक्षच्च स्वभक्तं वै दुष्टहा स हि शंकरः? (श्री शिवमहापुराण)

तब सुप्रिय के पूजन से प्रसन्न भगवान शिव ने स्वयं पाशुपतास्त्र लेकर प्रमुख राक्षसों,उनके अनुचरों को तथा उनके सारे संसाधनों, अस्त्रों-शस्त्रों को नष्ट कर दिया। लीला करने के लिए स्वयं शरीर धारण करने वाले भगवान शिव ने अपने भक्त सुप्रिय आदि की रक्षा करने के बाद उस वन को भी यह वर दिया कि, आज से इस वन में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र, इन चारों वर्णों के धर्मों का पालन किया जाएगा। इस वन में शिव धर्म के प्रचारक श्रेष्ठ ऋषि-मुनि निवास करेंगे और यहाँ तामसिक दुष्ट राक्षसों के लिए कोई स्थान न होगा। राक्षसों पर आये इस भारी संकट को देखकर राक्षसी दारूका ने दीन भाव से देवी पार्वती की स्तुति की। उसकी प्रार्थना से प्रसन्न माता पार्वती ने पूछा- बताओ, मैं तेरा कौन सा प्रिय कार्य करूँ? दारूका ने कहा- माँ! आप मेरे कुल की रक्षा करें। पार्वती ने उसके कुल की रक्षा का आश्वासन देते हुए भगवान शिव से कहा- नाथ! आपकी कही हुई बात इस युग के अन्त में सत्य होगी, तब तक यह तामसिक सृष्टि भी चलती रहे, ऐसा मेरा विचार है। माता पार्वती शिव से आग्रह करती हुईं बोलीं कि, मैं भी आपके आश्रय में रहने वाली हूँ, आपकी ही हूँ, इसलिए मेरे द्वारा दिये गये वचन को भी आप प्रमाणित करें। यह राक्षसी दारूका राक्षसियों में बलिष्ठ, मेरी ही शक्ति तथा देवी है। इसलिए यह राक्षसों के राज्य का शासन करेगी। ये राक्षसों की पत्नियाँ अपने राक्षसपुत्रों को पैदा करेगी, जो मिल-जुल कर इस वन में निवास करेंगे-ऐसा मेरा विचार है। माता पार्वती के आग्रह को सुनकर भगवान शिव ने उनसे कहा- प्रिय! तुम मेरी भी बात सुनो। मैं भक्तों का पालन तथा उनकी सुरक्षा के लिए प्रसन्नतापूर्वक इस वन में निवास करूँगा। जो मनुष्य वर्णाश्रम धर्म का पालन करते हुए श्रद्धा-भक्ति पूर्वक मेरा दर्शन करेगा, वह चक्रवर्ती राजा बनेगा। कलियुग के अन्त में तथा सत युग के प्रारम्भ में महासेन का पुत्र वीरसेन राजाओं का महाराज होगा। वह मेरा परम भक्त तथा बड़ा पराक्रमी होगा। जब वह इस वन में आकर मेरा दर्शन करेगा। उसके बाद वह चक्रवर्ती सम्राट हो जाएगा। तब से यहां विराजित ज्योतिर्लिंग स्वरूप भगवान शिव नागेश्वर कहलाये और पार्वती देवी भी नागेश्वरी के नाम से विख्यात हुईं। जो तीनों लोकों की कामनाओं को पूर्ण करने वाले हैं।

इति दत्तवरः सोपि शिवेन परमात्मना।
शक्तः सर्वं तदा कर्त्तु सम्बभूव न संशयः
एवं नागेश्वरो देव उत्पन्नो ज्योतिषां पतिः।
लिंगस्पस्त्रिलोकस्य सर्वकामप्रदः सदा?
एतद्यः श्रृणुयान्नित्यं नागेशोद्भवमादरात्।
सर्वान्कामानियाद्धिमान्ममहापातक नाशनान्।।

अर्थात् जो मनुष्य प्रतिदिन नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति और माहात्म्य सम्बन्धी कथा को सुनता है, वह समस्त पापों से मुक्त हो जाता है तथा सम्पूर्ण भौतिक और आध्यात्मिक सुखों को प्राप्त करता है।

श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग गुजरात राज्य के दारुका वन में स्थित है। वैसे यह ज्योतिर्लिंग प्रामाणिक रूप से कहाँ स्थित है, इस बारे में अलग अलग मान्यताएं हैं, फिर भी गुजरात राज्य में गोमती द्वारका के बीच दारूकावन क्षेत्र में इसके प्रामाणिक स्थान होने की मान्यता अधिक है। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग होने के दावे जिन अन्य दो स्थानों पर किए जाते हैं, उनमें से एक आंध्रप्रदेश में अवढा गांव में माना जाता है। यह अवढा गांव महाराष्ट्र राज्य के परभनी क्षेत्र से होकर हिंगोली जाते हुए पड़ता है। दूसरा स्थान उत्तराखंड राज्य में अल्मोड़ा से सत्रह मील दूर जोगेश्वर नामक तीर्थ बताया जाता है। यहाँ उत्तर वृंदावन आश्रम के पास जोगेश्वर नाम का एक पुराना मंदिर है। इससे डेढ़ मील की उतराई पर देवदार के सघन वृक्षों के मध्य नदी के तट पर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग बताया जाता है। स्कंद पुराण में इन्हीं नागेश लिंग का वर्णन एवं महात्म्य वर्णित है जबकि श्री शिव महापुराण में गुजरात राज्य के भीतर ही दारूकावन क्षेत्र में स्थित ज्योतिर्लिंग को ही नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। श्रीशिवमहापुराण की द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तुति में भी नागेश्वर ज्योतिर्लिंग को दारूकावन क्षेत्र में ही वर्णित किया गया है। वैसे मान्यता यह भी है कि देवाधिदेव महादेव अपने नागेश्वर स्वरूप में कहीं भी विराजमान हों पर आदरपूर्वक जो भी व्यक्ति इस शिवलिंग की उत्पत्ति एवं महात्म्य को सुनेगा और इसके दर्शन करेगा, वह सभी पापों से मुक्त होकर समस्त सुखों को भोगता हुआ अंततः परमपद को प्राप्त होगा। **–अंजनी सक्सेना**

# प्रकृति की छननी खुद प्रदूषण में उलझी

**के.पी. सिंह**

मेनहेडेन व्यावसायिक उपयोग की एक समुद्री मछली है। यह एक ऐसी मछली है, जिसका उपयोग भोजन के रूप में किया जाता है। इसे सागर तटों से प्रतिवर्ष बहुत बड़ी संख्या में पकड़ा जाता है और इससे तेल निकाला जाता है। अटलांटिक महासागर के तटों पर दो प्रकार की मेनहेडेन मछलियां देखने को मिलती हैं, उत्तरवाली मेनहेडेन और दक्षिण वाली मेनहेडेन। उत्तरी मेनहेडेन दक्षिण की मेनहेडेन से कुछ बड़ी और मोटी होती है। इसके साथ ही उत्तरी मेनहेडेन से दक्षिण की मेनहेडन की अपेक्षा अधिक तेल प्राप्त होता है। मेनहेडेन सागर तट के निकट उथले पानी में रहती हैं। मेनहेडेन हमेशा झुंड में रहती है। इसके झुंड बहुत बड़े होते हैं। मेनहेडेन हमेशा उथले पानी में रहती है, किंतु एक ही स्थान पर इसकी संख्या बदलती रहती है। कभी-कभी मेनहेडेन एक ही स्थान पर इतना बड़ा झुंड बना लेती है, जिसमें लाखों मछलियां होती हैं। मेनहेडेन की शारीरिक संरचना सागर की सामान्य मछलियों की तरह होती है। इसका सिर बड़ा और शरीर दबा हुआ होता है। मेनहेडन के शरीर पर चांदी की तरह रूपहले रंग के शल्क होते हैं। इसके शल्क एक-दूसरे पर चढ़े हुए होते हैं एवं इन पर गहरे नीले रंग की चमक होती है। कभी-कभी तो इसके शल्क पूरी तरह नीले रंग के दिखाई देते हैं। मेनहेडेन के शरीर के मांसल भागों पर गहरे रंग के धब्बे होते हैं। इसकी लंबाई 30 सेंटीमीटर से लेकर 40 सेंटीमीटर तक होती है कितु कभी-कभी इससे बड़े आकार की मेनहेडेन मछलियां भी देखने को मिल जाती हैं। मेनहेडेन बहुत अधिक भोजन करने वाली मछली है। यह अपने मुंह की छन्नी से एक मिनट में सात गैलन तक प्लेंकटन छान लेती है तथा इसके छोटे-छोटे जीवों को अपना आहार बना लेती है। मेनहेडेन का प्रजनन हेरिंग मछली के समान होता है। यह उसी के समान ही अंडे देती है और हेरिंग के समान ही इसके अंडों और बच्चों का विकास होता है। मेनहेडेन हमेशा मुहानों में अंडे देती है। इसका प्रजनन काल अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग होता है। यह मई से खाड़ी में पतझड़ और सर्दियों में अंडे देती है तथा न्यूयार्क और इसके आसपास के क्षेत्रों में मई से लेकर जून तक अंडे देती है। मेनहेडेन जैसे-जैसे उत्तर की ओर बढ़ती है, इसका प्रजनन काल बदलता जाता है। मेनहेडेन के अंडे स्वतंत्र रूप से शुक्राणुओं से मिलते हैं, जिससे इनका निषेचन हो जाता है। मेनहेडेन के प्रत्येक अंडे में तेल की एक बूंद होती है, जिससे ये हल्के हो जाते हैं और सागर की सतह पर आकर उतराने लगते हैं। इसके अंडे एक लंबे समय तक प्लेंकटन का भाग बनकर रहते हैं।इनके अंडों का विकास पानी के तापक्रम पर निर्भर करता है। यदि पानी का तापक्रम अधिक होता है तो ये जल्दी परिपक्व हो जाते हैं, किंतु पानी का तापक्रम कम होने पर इन्हें परिपक्व होने में अधिक समय लगता है। मेनहेडेन के अंडे परिपक्व हो जाने के बाद फूटते हैं और इनसे छोटे-छोटे लारवे निकल आते हैं। इसके प्रत्येक लारवे के साथ योल्क की थैली होती है। इसी थैली के योल्क के सहारे इसका पोषण होता है। मेनहेडेन के नवजात लारवे के न मुंह होता है और न ही कोई महत्वपूर्ण अंग। यह आरंभ में सागर में उतराता रहता है। धीरे-धीरे इसके मुंह निकल आता है, जिससे यह प्लेंकटन खाने लगता है। मेनहेडेन के लारवे का बड़ी तेजी से विकास होता है और यह शीघ्र ही छोटी-सी मेनहेडेन मछली की तरह दिखाई देने लगता है। मेनहेडेन के बहुत से शत्रु हैं। सागर में बहुत से मांसाहारी जीव और बड़ी मछलियां इसका शिकार करती हैं। इसके शत्रु बहुत बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष इसे अपना आहार बनाते हैं। एक अनुमान के अनुसार मानव जितनी मेनहेडेन पकड़ता है, उससे लगभग एक हजार गुना मेनहेडेन अपने प्राकृतिक शत्रुओं द्वारा मारी जाती है। मेनहेडेन की प्रमुख शत्रु नीली मछली है। यह प्रतिवर्ष लाखों मेनहेडेन मछलियों को अपना आहार बनाती है। मेनहेडेन की वर्तमान स्थिति अच्छी नहीं है। सागर में इसकी संख्या निरंतर कम होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण है पर्यावरण प्रदूषण। नदियों के जल प्रदूषण का प्रभाव इसके प्रजनन पर पड़ा है। क्योंकि यह मुहानों में ही अंडे देती है। मेनहेडेन को बचाने के लिए नदियों का जल प्रदूषण रोकना होगा। मानव ने यदि जल प्रदूषण नहीं रोका तो यह नदियों के मुहानों में विषम स्थिति उत्पन्न कर देगा, जिससे मेनहेडेन के साथ ही साथ मुहानों में अंडे देने वाली अन्य समुद्री मछलियों के प्रजनन पर भी निश्चित रूप से अत्यंत घातक प्रभाव पड़ेगा।

## सेहत मंत्र

# शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है मूंग दाल

जरूरी नहीं कि स्वाद में जो अच्छा हो, वो स्वास्थ्यवर्द्धक भी हो। अक्सर ऐसा ही होता है, जो चीज खाने में बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है वो गुणों से भरपूर ही होती है। स्वादिष्ट भोजन करने से पहले हर किसी को शरीर के विकास के लिए विटामिन और खनिज की जरूरत होती है। आयुर्वेद के चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र के मुताबिक दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पौटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है। स्प्राउट खाने से होता है स्वास्थ्य लाभः अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है। मूंग की दाल के स्प्राउट ऐसे ही कुछ लाभकारी गुण निम्न प्रकार है। मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।


- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शिव का जन्म कैसे और कहां हुआ?

वेद कहते हैं कि जो जन्मा है, वह मरेगा अर्थात जो बना है, वह फना है। वेदों के अनुसार ईश्वर या परमात्मा अजन्मा, अप्रकट, निराकार, निर्गुण और निर्विकार है। अजन्मा का अर्थ जिसने कभी जन्म नहीं लिया और जो आगे भी जन्म नहीं लेगा। प्रकट अर्थात जो किसी भी गर्भ से उत्पन्न न होकर स्वयंभू प्रकट हो गया है और अप्रकट अर्थात जो स्वयंभू प्रकट भी नहीं है। निराकार अर्थात जिसका कोई आकार नहीं है, निर्गुण अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई गुण नहीं है, निर्विकार अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई विकार या दोष भी नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि फिर शिव क्या है? वे किसी न किसी रूप में जन्मे या प्रकट हुए तभी तो उन्होंने विवाह किया। तभी तो उन्होंने कई असुरों को वरदान दिया और कई असुरों का वध भी किया। दरअसल, जब हम 'शिव' कहते हैं तो वह निराकर ईश्वर की बात होती है और जब हम 'सदाशिव' कहते हैं तो ईश्वर महान आत्मा की बात होती है और जब हम शंकर या महेश कहते हैं तो वह सती या पार्वती के पति महादेव की बात होती है। बस, हिन्दूजन यहीं भेद नहीं कर पाते हैं और सभी को एक ही मान लेते हैं। अक्सर भगवान शंकर को शिव भी कहा जाता है। शिवपुराण के अनुसार भगवान सदाशिव और पराशक्ति अम्बिका (पार्वती या सती नहीं) से ही भगवान शंकर की उत्पत्ति मानी गई है। उस अम्बिका को प्रकृति, सर्वेश्वरी, त्रिदेवजननी (ब्रह्मा, विष्णु और महेश की माता), नित्या और मूल कारण भी कहते हैं। सदाशिव द्वारा प्रकट की गई उस शक्ति की 8 भुजाएं हैं। पराशक्ति जगतजननी वह देवी नाना प्रकार की गतियों से संपन्न है और अनेक प्रकार के अस्त्र शक्ति धारण करती है। वह शक्ति की देवी कालरूप सदाशिव की अर्धांगिनी दुर्गा हैं।

## पर्यटन



# मध्यप्रदेश का खूबसूरत हिलस्टेशन पंचमढी पहाड़ों के अलावा झरने देखने आते हैं टूरिस्ट

अगर आप ऑफ बीट हिल स्टेशन पर जाने जाना चाहते हैं, तो भारत का खूबसूरत हिल स्टेशन पंचमढ़ी आपको किसी जन्नत से कम नहीं लगेगा। यहां के खूबसूरत नजारे देखकर आप रोजाना की भागदौड़ भूलकर तनावमुक्त हो जाएंगे। आइए, आपको सैर कराते हैं पंचमढ़ी की खूबसूरत वादियों की। पहले पंचमढ़ी पर गोंड जनजाति का राज था। ब्रिटिश राज से पहले यह इसी जनजाति की राजधानी थी। 1887 में ब्रिटिश सैनिक कैप्टन जेम्स फोर्स्थ ने इस शहर को केंद्र में रखा था और इसके बाद अंग्रेजों ने भी पंचमढ़ी को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाया। धूपगढ़-यह सतपुड़ा रेंज का सबसे ऊंचा प्वाइंट है। इसे सनराइज और सनसेट प्वाइंट के नाम से भी जाना जाता है। चारुगढ़-यह दूसरा सबसे ऊंचा प्वाइंट है। इसका धार्मिक महत्व भी है क्योंकि इसके शिखर पर एक शिव मंदिर स्थित है। पांडव गुफाएं- यहां प्राचीन कालीन पांच गुफाएं हैं। हिंदू कथाओं के अनुसार, महाभारत काल के दौरान यहां पांडवों ने आश्रय लिया था. गुफा के पास ही एक बेहद खूबसूरत गार्डन भी है। अब इन गुफाओं को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया गया है। वाटरफॉल- यहां कई झरने मौजूद हैं। इनमें से 2800 फीट से अधिक ऊंचा सिल्वर फॉल या रजत प्रपात, बी-फॉल (मशहूर पिकनिक स्पॉट) , लिटिल फॉल, डचेस फॉल हैं।

महादेव मंदिर- यह एक गुफा मंदिर है, जो खूबसूरत पेंटिंग्स के लिए प्रसिद्ध है। यह गुफा लगभग 30 मीटर लंबी है।

सड़क मार्ग से पंचमढ़ी भोपाल और इंदौर से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। भोपाल के हबीबगंज बस टर्मिनल से बसें चलती हैं जो 5-6 घंटे में पंचमढ़ी पहुंचती हैं। पंचमढ़ी पहुंचने के लिए नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है, जो केवल 50 किलोमीटर की दूरी पर है। अगर आप हवाई मार्ग से पहुंचना चाहते हैं, तो भोपाल और नागपुर यहां से नजदीकी एयरपोर्ट हैं। यहां का तापमान पूरे साल 25 डिग्री से कम रहता है इसलिए आप कभी भी यहां घूम सकते हैं।

# शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए आरओ/एआरओ की परीक्षा : जिलाधिकारी

**समीक्षा अधिकारी परीक्षा की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के डीएम ने दिए निर्देश**

**जिले में 23 केंद्रों पर आयोजित होगी आरओ/एआरओ की परीक्षा**

**परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले तक ही मिलेगा प्रवेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में 27 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा 2023 की तैयारी बैठक हुई। बैठक में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा उपाय और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सभी तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और नकल रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं, जैसे कि उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र, परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए परिवहन व्यवस्था और परीक्षा के दौरान आवश्यक अन्य सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। सभी उप जिलाधिकारी परीक्षा में उच्च स्तर की निगरानी करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक समय से अपनी ड्यूटी पर पहुंचें। प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित की जाये। केन्द्र पर साफ-सफाई व पेयजल की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। केन्द्र पर मेडिकल टीम की तैनाती की जाये। केन्द्र पर कलॉक रूम की व्यवस्था की जाये। प्रत्येक स्टॉफ का एक पहचान पत्र जारी जाये। कक्षों में दीवार घड़ी लगवाई जाये। परीक्षार्थियों के बायोमेट्रिक की व्यवस्था ससमय प्रारम्भ कर दी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) श्री इन्द्रसेन, अपर पुलिस अधीक्षक,

रितेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी, आयोग की प्रतिनिधि, उपजिलाधिकारीगण, खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारीगण सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**बाराबंकी में 23 केंद्रों पर आयोजित होगी आरओ/एआरओ की परीक्षा**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी 2023 की परीक्षा 27 जुलाई को आयोजित होगी। परीक्षा के लिए बाराबंकी जिले में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ, एआरओ) परीक्षा के लिए जिले में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में परीक्षा की तैयारियां चल रही हैं। परीक्षा केंद्र बनाए गए सभी 23 कॉलेजों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए हैं कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

**परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले तक ही मिलेगा प्रवेश**

जिलाधिकारी ने बताया कि आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी) परीक्षा के लिए प्रवेश की समय सीमा निर्धारित है। परीक्षा 27 जुलाई को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर, उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले, यानी सुबह 8:45 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिये सभी अभ्यर्थी समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुँचे।

**आरओ/एआरओ परीक्षा में एआई तकनीक से की जाएगी निगरानी**

27 जुलाई को आयोजित की जा रही समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 के लिए इस बार सरकार ने सख्त और अत्याधुनिक तैयारियां की हैं। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए एआइ तकनीक, फ़ेस रिकग्निशन, सीसीटीवी निगरानी और इंटरनेट मीडिया मानिटरिंग जैसे मजबूत इंतजाम किए गए है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के जरिये लाइव निगरानी होगी।परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के समय बायोमेट्रिक सत्यापन और फ़ेस रिकग्निशन तकनीक के जरिये पहचान सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही डबल लेयर फ्रिस्किंग पुलिस व अन्य एजेंसियों द्वारा कराई जाएगी।इलेक्ट्रानिक डिवाइस पूरी तरह रहेंगे प्रतिबंधितपरीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रानिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा के दौरान फर्जी खबरों, पेपर लीक या किसी भी अनुचित गतिविधि पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल बनाया गया है, जो हर इनपुट पर सतर्क रहेगा।

## कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कंाग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन कंाग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया। कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने केक काटकर कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराया और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान कंाग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कंाग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष मेहनत निष्ठा व लगन की प्रसंशा की और कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने जब से कंाग्रेस की कमान संभाली है तब से कंाग्रेस का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि खड़गे जी कई दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं और पार्टी में तथा अपने गृह राज्य और केंद्र की सरकारों में कई अहम पदों पर रहकर जनता व देश की सेवा की है, यहीं नहीं दो दशक बाद भी वे पहले ऐसे कंाग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने, जो गांधी परिवार से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खरगे 2021 से राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे, इसके अलावा 2020 से कर्नाटक से राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। उनके जन्मदिन पर हम कंाग्रेस जन भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें दीर्घायु और स्वास्थ्य रखें। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि ईश्वर मल्लिकार्जुन खड़गे को स्वस्थ रखे। मल्लिकार्जुन खड़गे साहब काफी लंबे अरसे से कंाग्रेस से जुड़े हैं, उनके नेतृत्व में पार्टी दिन प्रतिदिन प्रगति कर रही है ये देश के हर कंाग्रेस जन के लिए सौभाग्य का पल हैं। इस अवसर पर अरशद पवार, पवन मिश्र कटावा, ममनून आलम, रियाज अहमद, सुब्रत सिंह सनी, सियाराम तिवारी, शीतला साहू, इंतजार अहमद,सौरभ सिंह, वरिष्ठ नेता नफीस फारुकी सुनील चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## लोधेश्वर महादेव में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, हर हर बम बम के उद्घोष से गुंजायमान रहा मेला क्षेत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। रामनगर क्षेत्र के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में आज सावन के दूसरे सोमवार को भक्तों का अपार जनसमूह उमड़ पड़ा।रविवार से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू रहा। सभी श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने के लिएबम बम भोले के उद्घोष करते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सावन मेले में लोधेश्वर महादेवा में लाखों श्रद्धालुओं ने शिव जी का जलाभिषेक कर मंगल कल्याण की कामना की। हर-हर बमबम के उद्घोष के साथ पूरा मेला क्षेत्र गुंजायमान रहा।

**बैरिकेटिंग के चलते मायूस रहे दुकानदार**

मेला क्षेत्र में हुई जबरदस्त वैरीकेटिंग के चलते दुकानदार मायूस रहे ।कई दुकानदारों ने बताया कि जबरदस्त बैरिकेटिंग कर दिए जाने से बिक्री पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। कई दुकानदारों ने जब जबरदस्त बैरिकेटिंग देखी तो दुकानों का ताला ही नहीं खोला।

**जगह-जगह आयोजित हुए भंडारे**

मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सेवा में तमाम धर्मावलंबियों ने भंडारे आयोजित किये पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने पूड़ी सब्जी ,छोला,हेलुवा, खीर आदि का भंडारा श्रद्धालुओं की सेवा हेतु चलवाया जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत जिला अध्यक्ष अवधेश नानमून शुक्ला गोलू सिंह मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला शैलेंद्र सिंह सही तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर दिनभर जाम से जूझते रहे लोग**

रामनगर से महादेवा मार्ग पर समपार रेलवे क्रॉसिंग संख्या 303 केसरीपुर में दिनभर जाम से लोग जूझते रहे। घंटों जाम में फंसने के बाद श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए महादेवा पहुंचे। केसरीपुर रेलवे क्रासिंग पर दिन भर लंबी लगी भीषण जाम के कारण क्षेत्रीय लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हमीरपुर, औरैया ,जालौन और उरई आदि दूर दराज से आए हुए तमाम श्रद्धालुओं ने कहा कि यदि इस केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बन जाए तो हम सभी श्रद्धालुओं समेत क्षेत्रीय जनों को भी आवा गमन में सुविधा हो। स्थानीय लोगों में भी केसरीपुर सम पार फाटक संख्या 303 पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की है।

**चप्पे चप्पे पर रही प्रशासन की पैनी नजर**

मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीवी कैमरे समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा ।रविवार को देर शाम बाराबंकी जिलाधिकारीशशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय समेत रामनगर तहसील व पुलिस प्रशासन समेत तमाम आला अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए निर्देशित भी किया ।

## प्रार्थना सभा, धर्म परिवर्तन खिलाफ मुकदमा दर्ज

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन मामले में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना रविवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। ग्राम बेलहरी बाग मजरे अकबरपुर में आदित्य के घर पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था।जहांगीराबाद निवासी उमेश चंद्र इस आयोजन में मौजूद रहकर प्रार्थना करवा रहे थे। आरोप है कि प्रार्थना सभा की आड़ में गरीब महिलाओं, पुरुषों और अनुसूचित जाति के लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को मकान में चर्च जैसा वातावरण मिला।उमेश का कहना है कि वह हर रविवार केवल प्रार्थना सभा का आयोजन करता है।पुलिस ने मौके से धार्मिक पुस्तकें, दान पात्र और कुछ लॉकेट बरामद किए हैं। साथ ही एक वैन, ऑटो और बाइक भी जब्त की गई है। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर दो लोगो को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

## टोल पर मिली गड़बड़ी तो हटाई गई महिला कर्मी ने चलाया उत्पीड़न का बज्र

**टोल पर घपला उजागर हुआ, जवाब में महिला ने फेंका उत्पीड़न का दांव'' दो साथियों को फ़साने का प्रयास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। समाज में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून जब कुछ अवसरवादी तत्वों के लिए लाभ और दबाव का हथियार बन जाएं, तो यह पूरे समाज और कानून व्यवस्था पर करारा तमाचा होता है। ताजा मामला बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर स्थित मसौली टोल प्लाजा का है, जहां एक महिला कर्मचारी ने अपनी लापरवाही और अनुशासनहीनता छुपाने के लिए महिला उत्पीड़न कानून का घोर दुरुपयोग किया है। सूत्रों के अनुसार, टोल प्लाजा का संचालन कर रही कंपनी ने जब राजस्व में अनियमितताओं पर नज़र डाली, तो कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। कंपनी के कर्मचारियों अभिषेक भार्गव और नरेंद्र परमार ने सतर्कता बरतते हुए जांच शुरू की, जिसके बाद स्थानीय निवासी संगीता (बदला हुआ नाम) द्वारा गड़बड़ियाँ किए जाने के स्पष्ट साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी प्रमाणों के माध्यम से सामने आए। इन प्रमाणों के आधार पर कंपनी ने संगीता की सेवा समाप्त करते हुए 10 जुलाई को औपचारिक हटाने का पत्र जारी किया। बताया जा रहा है कि संगीता ने अपनी गलती स्वीकारते हुए वीडियो में कबूलनामा भी दिया है, जो रिकॉर्ड में सुरक्षित है। लेकिन असल कहानी यहीं से शुरू होती है – अपनी नौकरी बचाने और बदले की भावना से प्रेरित होकर उक्त महिला ने उन्हीं कर्मचारियों पर झूठे महिला उत्पीड़न का आरोप मढ़ दिया। यह एक शर्मनाक उदाहरण है कि कैसे कुछ लोग महिला संरक्षण कानूनों को अपना निजी हथियार बनाकर ईमानदार कर्मचारियों की छवि धूमिल करने का षड्यंत्र रचते हैं। क्या ऐसे मामलों में महिलाएं ''महिला'' होने का विशेषाधिकार लेकर न्याय की हत्या करेंगी? यह सवाल अब समाज और व्यवस्था दोनों के सामने खड़ा है। जब कोई महिला स्वयं अपने अपराध को छुपाने के लिए उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोपों का इस्तेमाल करती है, तो असल पीड़ित महिलाओं का भरोसा भी कानून से उठने लगता है। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और यदि शिकायत झूठी पाई गई, तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। समाज को तय करना होगा , क्या ऐसे 'फर्जी उत्पीड़न' के खिलाफ कानून में बदलाव जरूरी नहीं?यह समय है कि सरकार और न्याय व्यवस्था इस तरह के मामलों पर सख्त रुख अपनाए, ताकि महिला उत्पीड़न कानून की पवित्रता बची रहे और उसे किसी का निजी हथियार बनने से रोका जा सके। कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा अपनी निजी अदालत में कथित आरोपियों को दोषी ठहरा दिया गया बस सजा का ऐलान करना बाकी है ? एकतरफा मीडियाबाजी से छवि खराब हुई यदि कल उक्त निर्दोष पाए गए तो क्या उक्त संस्थान माफी मानेंगे ।

### बाल वैज्ञानिक पूजा का घर बिजली रोशनी से जगमग

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डलई का पुरवा अगेहरा बिरौली निवासी बाल वैज्ञानिक पूजा पाल के घर में पहली बार बिजली का बल्व जला। विद्युत विभाग की टीम ने मीटर लगाकर आपूर्ति सुचारू की।पूजा पाल ने अपने घर में पहली बार एलईडी लाइट का स्विच दबाया। घर में बिजली का उजाला फैलते ही उसका चेहरा खिल उठा। मसौली विद्युत केन्द्र के अवर अभियंता लालजी सिंह और उनकी टीम ने उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर प्रीति सिंह के निर्देशन पर यह अनुपम कार्य पूरा किया।खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पूजा के घर पहुंचे और स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साह वर्धन किया।मंत्री ने कहा कि पूजा ने भूसे और धूल से पृथक्करण यंत्र बनाकर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और गांव के लिए गौरव की बात है, बल्कि लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, मुश्कीपुर प्रधान प्रतिनिधि ओमकार मौर्य और नायब तहसीलदार अन्नू सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### मुफलिसी में की आत्महत्या

निन्दूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के दरावां गांव निवासी रामविलास रावत 35 पुत्र साहेब रविवार रात गांव के बाहर बबूल के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा है। चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने मृतक को शराबी बताया। कहा कि उसके परिवार में कोई नहीं था।

### कन्या विद्यालय को वाटर कूलर की भेंट

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा रामनगर के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आर.ओ. वाटर कूलर की स्थापना की गई।जिसका उद्घाटन चेयरमैन रामशरण पाठक एवं स्टेट बैंक के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से किया।यह पहल नगर पंचायत व बैंक के सहयोग से संभव हो सकी।कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी गणमान्य नागरिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापक ने उत्तम कार्य हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

### ई रिक्शा चालक द्वारा शिक्षकों व विद्यार्थियों से मारपीट,एफआईआर

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी के अमरसंडा स्थित एमडी कॉलेज की एक बस सोमवार को लखनऊ से शिक्षकों व विद्यार्थियों को लेकर कालेज आ रही थी। अनवारी के पास बस चालक ने ई-रिक्शा से पास लेने के लिए हॉर्न दिया और साइड से बस आगे निकाली।जिससे नाराज होकर ई रिक्शा चालक ने फिल्मी स्टाइल में बस के आगे ई-रिक्शा खड़ा कर दिया और अपने चार-पांच साथियों को बुलाकर बस चालक से गाली-गलौज करने लगा।तब बस में बैठे पुरुष और महिला शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बीच-बचाव किया तो ई-रिक्शा चालक अपने साथियों के साथ लाठी डंडे लेकर बस में घुस गया।बस में बैठे शिक्षकों व छात्रों की पिटाई शुरू कर दी।इतने में आस-पास मौजूद लोग भी पहुंचने लगे जिन्हें देख आरोपित मौके से भाग निकले। आरोप है कि इस दौरान आरोपितों ने जान से मारने व बस को जलाने की भी धमकी दी। ड्राइवर मेंहदी हसन ,दो महिला शिक्षक मंजू वर्मा,कोमल राज और एक पुरुष शिक्षक रोहित मिश्रा व छात्रा को एम्बुलेंस से इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना में तीन शिक्षकों को गंभीर चोटे आई। घटना से संपूर्ण स्टाफ और विद्यार्थी डरे हुए है। अन्ना पुत्र अब्दुल हक,लाला उर्फ अफजल हुसैन पुत्र मुस्तफा,अदनान पुत्र हारून सहित करीब आधा दर्जन लोगों ने बस में घुसकर स्टाफ को मारा पीटा।कॉलेज प्रबंधक ने नामजद तहरीर दी है।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कालेज प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शिविर में किया विधुत उपभोक्ता समस्या समाधान

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत उपकेंद्र मसौली के उपखण्ड अधिकारी विमलेश कुमार मौर्य व अवर अभियंता लालजी सिंह के नेतृत्व में कस्बा सैदनपुर में विद्युत समाधान कैम्प का आयोजन किया गया तथा चेकिंग अभियान के दौरान 25 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए एक बडे बकायादार का मीटर उखाड़ा गया। कैम्प में आए सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपना बिल संशोधन करवाया और 150 से ज्यादा उपभोक्ताओं से अपना बिल जमा किया। जिसमे 3 लाख 60 हजार रुपए की राजस्व वसूली प्राप्त हुई ।अभियान व कैम्प में अवर अभियंता लालजी सिंह, कार्यकारी सहायक मो जीशान, भागीरथी, मो अफजाल रहबर अंसारी, राकेश कुमार लाइनमैन व मो दानिश आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय विलय, अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों मे छात्रों की कम संख्या होने पर निकटतम विद्यालयों मे विलय करने की घोषणा से बच्चो की अधर मे लटक गयी है। अभिभावक अपने बच्चो को दूर के स्कूलों मे भेजनें को तैयार नही है। ऐसे ही एक मामले मे सोमवार को मसौली पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे मदारपुर प्राथमिक विद्यालय को विलय करने पर अभिभावकों एव बच्चो ने स्कूल गेट पर विरोध प्रकट किया।

बताते चले कि प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग ने 16 जून 2024 को एक आदेश जारी किया, जिसके अनुसार उन प्राथमिक स्कूलों को, जिनमें विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम है, पास के उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में मर्ज (विलय) करने का निर्णय लिया गया है। सरकार का तर्क है कि यह कदम शिक्षा संसाधनों के बेहतर उपयोग, स्कूलों की गुणवत्ता बढ़ाने और प्रशासनिक खर्चों को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत धरौली के राजस्व ग्राम मदारपुर के प्राथमिक विद्यालय में 27 छात्रों का नामांकन होने के कारण सोमवार को जब इस स्कूल शिक्षक विलय वाले विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के लिए ले जाने लगे तो उनके अभिभावक भड़क गए। अपने बच्चों को अभिभावकों ने विलय वाले विद्यालय में नहीं जाने दिया बल्कि प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के मैन गेट तालाबंदी कर दी और स्कूल के विलय का विरोध करना शुरू कर दिया जिसके चलते काफी देर तक लोग मुख्य गेट पर बच्चो को लेकर डटे रहे और अभिभावकों ने स्कूल के मैन गेट के सामने खड़े होकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीण ननकू, राम खेलावन, रिषभ, गुड़िया, बेबी, धर्मराज, राजकुमार, कंातिदेवी, पिंकी देवी, सुषमा, ईश्वरदीन, राम सनेही , कैलाश, राजेंद्र कुमार आदि ने स्पष्ट कह दिया कि हम गांव के बच्चों को पांच सौ मीटर दूर पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसौली में नहीं पढ़ने भेजेंगे और गांव के विद्यालय को ही पूर्व की भांति संचालित रखा जाए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकंात राव ने अभिभावकों की मांग को फोन पर खंड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र गुप्ता को अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है।

**( शिक्षा क्षेत्र मसौली में 11 विद्यालय हुए विलय )**

सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय करने के फैसले के चलते शिक्षा क्षेत्र मसौली के 89 प्राथमिक विद्यालयों मे से प्राथमिक विद्यालय मदारपुर, गिरधारी पुरवा, सिसवारा, भगेलापुरवा, याकूतगंज, सोहराबाद, कडेरा, जमालपुर सहित 11 विद्यलायो के बच्चो की शिक्षा पर असर पड़ेगा।

( 27 छात्रों पर 5 शिक्षक ग्रामीणों ने कहा समायोजन किये जाय शिक्षक ) प्राथमिक विद्यालय मदारपुर मे प्रधानाध्यापक नसीम जहां सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार सहित शिक्षामित्र अनीता राव, शैलकुमारी गायत्रीदेवी कार्यरत है अभिभावकों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि स्कूल बंद करने के बजाय शिक्षकों का समायोजन अधिक संख्या वाले स्कूलों मे कर दे तो इन बच्चो का तो भविष्य नही खराब होगा एक और सरकार शत प्रतिशत बच्चो के नामाकन के लिए स्कूल चलो अभियान जैसे कार्यक्रम चला रही है वही दूसरी ओर स्कूलों को बंद कर बच्चो की शिक्षा को अधर मे डाल रही है।

**( क्या कहते है बीईओ)**

प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर जब खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र गुप्ता से बात की गयी तो उनका कहना है कि यह सरकार का निर्णय है जिसका पालन किया जा रहा है स्कूलों के बंद या संचालन के बारे सरकार जो निर्देश देगी उसका पालन किया जायेगा ।

# नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर अर्शदीप चौथे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है। चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीमः शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

# आईसीसी ने दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार विमर्श के लिए कार्य समिति गठित की

एजेंसी




लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय प्रणाली शुरू करने की संभावना तलाशने के लिए अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का गठन आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के नेतृत्व में किया गया था। गुप्ता को इस महीने की शुरुआत में सीईओ नियुक्त किया गया था। 'द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है। समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी। गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं। इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है। आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस प्रतियोगिता में भारत की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड की एक-एक टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सेस ने एक-एक बार जीता है।

# नेपाल की टीम विश्व कप क्वालीफायर से पहले बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र में करेगी अभ्यास

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम टी-20 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत 20 अगस्त से चार सितंबर तक बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में प्रशिक्षण लेगी। यह कदम 'दोनों देशों के युवाओं को जोड़ने' के उद्देश्य से भारत सरकार के सहयोग से उठाया गया है। टी-20 विश्व कप क्वालीफायर इस साल अक्टूबर में होने वाले हैं। मुख्य टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा।

भारत ने पिछले साल अगस्त में भी इस उत्कृष्टता केंद्र में नेपाल की टीम के प्रशिक्षण में सहयोग किया था। नेपाल ने पिछले साल जून में हुए टी-20 विश्व कप से पहले बड़ौदा और गुजरात क्रिकेट संघ की टीमों के साथ त्रिकोणीय टी-20 अभ्यास टूर्नामेंट में भी भाग लिया था। भारत सरकार के एक अधिकारी ने कहा, '' क्रिकेट से जुड़े सहयोग ने भारत और नेपाल के बीच मजबूत और सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ा है। यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून के माध्यम से दोनों देशों के युवाओं को जोड़ रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए जनवरी 2024 में नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम और सीएएन (नेपाल क्रिकेट संघ) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी और 'नेपाल में क्रिकेट के विकास के लिए भारत के समर्थन' से अवगत कराया था।

भारत सरकार ने इस साल मार्च में नेपाल में नेपाल की अंडर-19 टीमों और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ की टीम के बीच अभ्यास टूर्नामेंट के आयोजन में भी सहयोग दिया था।

# निर्णायक मुकाबले में इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा भारत को

एजेंसी




चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)। भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है। यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फ़ेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर

सोलो (इंडोनेशिया)। भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की। भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की। इससे भारत 33-26 से आगे हो गया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर भारत की बढ़त को 44-35 कर दिया जबकि रौनक चौहान ने भी शानदार प्रदर्शन करके टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच जीतकर बढ़त बना ली।

# सेल ने जोजिला सुरंग को 31 हजार टन से अधिक इस्पात से बनाया सशक्त

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग यातायात के लिए 2027 तक पूरा होने की स्थिति में है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने इस परियोजना के लिए 31 हजार टन से ज्यादा स्टील की आपूर्ति की है। इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सेल को इस रणनीतिक संरचना में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में शामिल किया गया था। इसके लिए सेल ने टीएमटी रि-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेट सहित 31 हजार टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है। मंत्रालय के मुताबिक रणनीतिक रूप से 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग का निर्माण हिमालय के चुनौतीपूर्ण भूभाग में किया जा रहा है। 30 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यह सुरंग श्रीनगर और लेह के बीच द्रास और कारगिल होते हुए हर मौसम में महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करेगी। ये सुरंग भारत के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के विकास विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये सुरंग इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक 2027 तक पूरा होने की ओर अग्रसर इस परियोजना को इस्पात की निरंतर आपूर्ति सेल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जोजिला सुरंग जैसी विशाल परियोजनाएं सेल के इस्पात की विश्वसनीयता और मजबूती पर निरंतर भरोसा करती हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और भारत के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। जोजिला सुरंग, चेनाब रेलवे पुल, अटल सुरंग, बांद्रा-वर्ली-सी लिंक, और ढोला सादिया एवं बोगीबील पुलों सहित भारत की सबसे प्रतिष्ठित अवसंरचना परियोजनाओं को सहयोग देने में सेल की व्यापक विरासत शामिल है।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से हासिल की रोमांचक जीत, ओवेन ने 27 गेंदों में जड़े छह छक्के

एजेंसी




किंग्स्टन (जमैका)। मिशेल ओवेन ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार अर्धशतक जड़ा और एक विकेट भी हासिल किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में तीन विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों में 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों में 80 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को रविवार को खेले गए इस मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 189 रन बनाए थे। उनकी शुरुआत शानदार रही, लेकिन आखिरी नौ गेंदों में केवल पांच रन बनने और चार विकेट गिरने के कारण वे 200 रन का आंकड़ा नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिसमें उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट लिए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक को रोका, लेकिन अगली ही गेंद पर वे आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों में 60 रन की पारी खेली और शाई होप (55 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। इसके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत अक्टूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली।** भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, ''विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।

## एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है। उन्होंने कहा, ''हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी।

## स्टीफन डेब्लेज भारत में रेनो समूह के सीईओ नियुक्त

**नयी दिल्ली।** फ्रांसीसी वाहन विनिर्माता रेनो समूह ने सोमवार को स्टीफन डेब्लेज को भारतीय परिचालन का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक सितंबर, 2025 से प्रभावी होगी। वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि डेब्लेज भारत में समूह की रणनीति को तय करने और लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे। देश में रेनो समूह की सभी इकाइयां उन्हें रिपोर्ट करेंगी। डेब्लेज सीधे रेनो समूह के खरीद, साझेदारी और जनसंपर्क अधिकारी, फ्रांस्वा प्रोवोस्ट को रिपोर्ट करेंगे। वाहन विनिर्माता ने बताया कि डेब्लेज, 2022 से रेनो कोरिया के सीईओ के रूप में कार्यरत हैं, जहां उन्होंने प्रमुख परिवर्तनकारी पहल का नेतृत्व किया है।

## यूको बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़कर 607 करोड़ रुपये


**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 607 करोड़ रुपये हो गया। कोलकाता स्थित बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 551 करोड़ रुपये रहा था। यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में कुल आय बढ़कर 7,433 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 6,859 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक का परिचालन लाभ सालाना आधार पर 1,321 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,562 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन अवधि में बैंक द्वारा अर्जित ब्याज बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये हो गया जो गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 6,024 करोड़ रुपये था। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ। जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिमों का 2.63 प्रतिशत रह गईं, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3.32 प्रतिशत थीं।

# देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 28 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों ने बनाई रणनीति

नयी दिल्ली। देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी निर्यात रणनीति तैयार की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने यह भी कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन किया है। इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय अधिकारियों ने 590 जिलों के लिए जिला कार्ययोजना का मसौदा तैयार किया है। इनमें से 249 जिलों को डीईपीसी ने औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है। अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति शामिल है। केंद्र राज्यों को निर्यात संवर्धन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है क्योंकि इससे घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने कहा, ''28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य निर्यात रणनीति तैयार की गई है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शामिल हैं। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में, डीजीएफटी ने 'जिला निर्यात केंद्र' पहल को शामिल किया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले की क्षमता और विविधता को दिशा प्रदान करके उन्हें निर्यात केंद्र बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, देश के सभी जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान की गई है। निर्यात संवर्धन के लिए सहायता प्रदान करने और निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर एसईपीसी और जिला स्तर पर डीईपीसी के रूप में एक संस्थागत व्यवस्था बनायी गयी है। उत्पादकों और विनिर्माताओं दोनों के लाभ को पहचाने गए उत्पादों और सेवाओं के लिए जिला निर्यात कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 100 रुपये से 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसके विपरीत चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,150 रुपये से लेकर 1,00,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,800 रुपये से लेकर 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,16,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# जीआरएसई ने भारतीय नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अजय' का जलावतरण किया

एजेंसी

कोलकाता। समुद्र में भारतीय नौसेना लगातार अपनी ताकतों में इजाफा कर रही है। इसी बीच कोलकाता स्थित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए तैयार की गई आठ पनडुब्बी रोधी जलपोतों की श्रृंखला का अंतिम पोत 'अजय' सफलतापूर्वक जलावतरण किया। यह कार्यक्रम जीआरएसई के कोलकाता यार्ड में आयोजित हुआ।



इस जलपोत का जलावतरण नौसेना के चीफ ऑफ मटेरियल वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख के हाथों हुआ, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। जीआरएसई के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि 'अजय' समेत सभी आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोत भारतीय नौसेना के लिए विशेष रूप से डिजाइन और निर्मित किए गए हैं। इन जहाजों की लंबाई 77.6 मीटर और चौड़ाई 10.5 मीटर है। इनका डिजाइन इस प्रकार किया गया है कि ये कम गहराई वाले जलक्षेत्रों में भी प्रभावी संचालन कर सकें। इनकी प्रमुख विशेषताओं में सतही लक्ष्यों के विरुद्ध कार्रवाई, खदान बिछाने की क्षमता और तटीय क्षेत्रों में गश्त शामिल है। ये युद्धपोत हल्के टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं। साथ ही ये विमान के साथ समन्वित पनडुब्बी रोधी अभियान चलाने में भी सक्षम हैं। अधिकारी ने बताया कि यह पोत तटीय जलक्षेत्रों में पनडुब्बी रोधी निगरानी के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा की दृष्टि से कम तीव्रता वाले अभियानों के लिए भी उपयुक्त है। इस लॉन्चिंग के साथ ही जीआरएसई द्वारा निर्मित आठ पनडुब्बी रोधी जलपोतों की यह श्रृंखला पूरी हो गई है, जो भारतीय नौसेना की तटीय रक्षा क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

### राष्ट्रीय शक्ति, कूटनीति और समुद्री सुरक्षा का अहम स्तंभ बनी भारतीय नौसेना : वाइस एडमिरल देशमुख

कोलकाता। भारतीय नौसेना अब केवल एक सैन्य बल नहीं बल्कि राष्ट्रीय शक्ति के प्रदर्शन, कूटनीतिक प्रयासों और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में एक निर्णायक साधन बन चुकी है। यह बात भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ मटेरियल वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने सोमवार को कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आठवें और अंतिम पनडुब्बी रोधी जलपोत 'अजय' के जलावतरण समारोह में कही। वाइस एडमिरल देशमुख ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, संसाधनों पर नियंत्रण और समुद्री सुरक्षा से जुड़े बढ़ते खतरों के बीच भारतीय नौसेना की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने बताया कि हिंद महासागर क्षेत्र में 80 प्रतिशत वैश्विक व्यापार होता है और इस स्थिति में भारत को समुद्री सुरक्षा के लिए विश्वसनीय साझेदार और मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों में अग्रिम पंक्ति के जवाबदाता की भूमिका निभानी होगी।

## सदन में विपक्ष को बोलने नहीं देती सरकार: राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। ''ऑपरेशन सिंदूर'' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कथित सीजफायर वाले दावे को लेकर विपक्ष ने सरकार से जवाब मांगा है, जिसके चलते दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। इसे लेकर सदन की कार्यवाही को भी स्थगित करना पड़ा। इस मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाया और अपनी नाराजगी जाहिर की।

सदन से बाहर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि संसद में केवल सरकार के मंत्रियों को बोलने दिया जा रहा है, जबकि विपक्ष के नेताओं को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि मैं नेता विपक्ष हूं, मेरा संवैधानिक हक है कि मैं सदन में



बोलूं, मगर मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा। यह सरकार की एक नई रणनीति है, जो लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। राहुल गांधी ने कहा कि बार-बार चेयर की ओर से कहा जा रहा है कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन वास्तव में चर्चा तभी होगी, जब विपक्ष को बोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संसदीय परंपराएं यह कहती हैं कि अगर सरकार पक्ष के नेता बोल सकते हैं, तो विपक्ष को भी समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ दो शब्द कहना चाहते थे, मगर विपक्ष की इसकी अनुमति नहीं है।

## विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो एक निष्पक्ष एजेंसी: नायडू

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) एक निष्पक्ष एजेंसी है। एएआईबी की प्रक्रिया पूरी तरह से नियमों पर आधारित है और वे पूरी तरह से निष्पक्ष हैं।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने राज्यसभा में अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच से संबंधित एक सवाल पर कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स से सभी डेटा को सफलतापूर्वक डिकोड कर लिया है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्षतिग्रस्त ब्लैक बॉक्स के डेटा का घरेलू स्तर पर विश्लेषण करने पर ज़ोर दिया। जांच का पहला चरण पूरा हो चुका है और प्रारंभिक रिपोर्ट आ चुकी है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। इससे पहले जब भी ब्लैक बॉक्स में मामूली क्षति होती थी, तो उसे डिकोडिंग के लिए निर्माता के पास भेजा जाता था।

पहली बार, ब्लैक बॉक्स की डिकोडिंग भारत में हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों में कोई भेदभाव नहीं कर रही है। उन्होंने कहा, ''ज़मीन पर मारे गए यात्रियों और अन्य लोगों, या दुर्घटनास्थल के पास स्थित मेडिकल कॉलेज में मारे गए छात्रों, सभी को मुआवज़ा एक जैसा ही दिया गया है।'' नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा स्वीकृत क्षमता के 50 प्रतिशत पर काम करने से संबंधित एक सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विमानों और यात्रियों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। मंत्री ने और पदों की भी सिफारिश की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी भाजपा सांसद सूर्या को राहत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सख्त टिप्पणियों के साथ राज्य सरकार की विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी। पीठ ने राज्य के वकील से कहा, इस मामले का राजनीतिकरण न करें। अपनी लड़ाई जनता के सामने लड़ें। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद सूर्या ने सात नवंबर, 2024 को सोशल मीडिया पर को एक लेख साझा किया था जिसमें दावा किया गया था कि एक राज्य के किसान ने यह पता चलने के बाद आत्महत्या कर ली कि उसकी जमीन वक्फ बोर्ड ने ले ली है।

## श्रीहरिकोटा से उपग्रह 'निसार' का प्रक्षेपण 30 जुलाई को होगा : इसरो

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नासा का संयुक्त मिशन 'निसार' उपग्रह 30 जुलाई को श्रीहरिकोटा से शाम 5 बजकर 40 मिनट पर लॉन्च होगा। 1.5 बिलियन डॉलर का यह मिशन पृथ्वी की सतह की निगरानी में मददगार होगा। निसार उपग्रह हर 12 दिन में पृथ्वी की भूमि और बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा और प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी में मदद करेगा।

सोमवार को इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट करके जानकारी दी कि नासा के साथ संयुक्त उपग्रह निसार का प्रक्षेपण करने के लिए तैयार हैं। 30 जुलाई, 2025 को भारतीय समयानुसार श्रीहरिकोटा से पहले संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निसार का प्रक्षेपण किया जाएगा।

निसार हर 12 दिनों में पूरे पृथ्वी को स्कैन करेगा और उच्च-रिज़ॉल्यूशन, सभी मौसमों, दिन-रात के आंकड़े प्रदान करेगा। यह पृथ्वी की सतह में सूक्ष्म परिवर्तनों का भी पता लगा सकता है। जैसे ज़मीन का विरूपण, बर्फ की चादर में बदलाव और वनस्पति की गतिशीलता। यह मिशन समुद्री बर्फ की निगरानी, जहाज़ों का पता लगाने, तूफ़ान पर नज़र रखने, मिट्टी की नमी में बदलाव, सतही जल मानचित्रण और आपदा प्रतिक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में सहायक होगा। इसरो ने कहा कि नासा, जेपीएल के बीच एक दशक से भी ज़्यादा के सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि निसार उपग्रह दुनिया में अपनी तरह का पहला उपग्रह है जो प्रत्येक 12 दिनों पर समूची पृथ्वी की भूमि और बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा। यह एक सेंटीमीटर स्तर तक की सटीक फोटो खींचने व प्रसारित करने में सक्षम है। इसमें नासा की तरफ से तैयार एल-बैंड और इसरो की ओर से विकसित एस-बैंड रडार लगाया गया है, जिन्हें विश्व में सबसे उन्नत माना जा रहा है। यह तकनीक प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी विस्फोट, भूस्खलन और बाढ़ की रियल-टाइम निगरानी में मदद करेगा। इसलिए भी इसे भारत के लिए खास तौर पर उपयोगी माना जा रहा है। यह मिशन न केवल प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी और प्रबंधन में सहायक होगा बल्कि कृषि, जलवायु परिवर्तन और मिट्टी की नमी का सटीक अनुमान लागने के लिए भी डाटा भेजेगा।

## अमेरिकी अदालतों ने 75 प्रतिशत मामलों में ट्रम्प के खिलाफ फैसला सुनाया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए कार्यकाल की शुरुआत से अमेरिकी अदालतों ने 75 प्रतिशत मामलों में उनके खिलाफ फैसला सुनाया है और वर्तमान कार्यकारी शाखा के फैसलों को चुनौती दी है या स्थगित किया है। समाचार पत्र वाशिंगटन टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार अपने छह महीने के कार्यकाल के दौरान श्री ट्रंप को अपनी कार्यकारी शाखा के कार्यों को चुनौती देने वाले कम से कम 500 मुकदमों का सामना करना पड़ा है, जो प्रति कार्यदिवस चार मुकदमों के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प के कानूनी मामलों न्यायाधीशों ने 75 प्रतिशत मामलों में राष्ट्रपति के खिलाफ फैसला सुनाया। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा गया कि इनमें से लगभग 50 मामले ट्रम्प प्रशासन द्वारा कुछ विदेशी छात्रों को उनके आव्रजन रिकॉर्ड और आपराधिक रिकॉर्ड में अनियमितताओं के कारण निष्कासित करने के प्रयासों का हिस्सा थे।

# पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर...

तक के लिए स्थगित की गई। अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर आरंभ होने पर हंगामा जारी रहा तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की और कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने कार्यवाही अपराह्न चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फ़ेलियर हुआ। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। इसी दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। मॉनसून सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद विमान हादसे का उल्लेख करते हुए दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष ने हाल में देश के कई हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए जानमाल के नुकसान का भी उल्लेख किया। इसके बाद सदन ने कुछ देर मौन रखकर दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन का उल्लेख किया और कहा कि इस सत्र में अंतरिक्ष के विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके बाद, बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर को रोकने, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों और बिहार में एसआईआर जैसे मुद्दों को उठाने की कोशिश की। उन्होंने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह प्रश्नकाल के बाद सभी विषयों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर से ...

ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्जीओम4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गये थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी संसद लोक सभा, राज्य सभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा। श्री मोदी ने कहा, यह मॉनसून सत्र एक विजयोत्सव है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, शत-प्रतिशत हासिल किया। आतंकवादियों के आकाओं के घर में जाकर के 22 मिनट के भीतर ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसको जमींदोज कर दिया गया। मैंने बिहार के एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की थी, जो हमारी सैन्य शक्ति ने बहुत ही कम समय में सिद्ध करके दिखा दिया और मेड इन इंडिया सैन्य शक्ति के इस नये स्वरूप पर भी दुनिया बहुत आकर्षित हुई है। इन दिनों विश्व के जिन-जिन लोगों से मिलना होता है तो, तो भारत के इस मेड इन इंडिया जो हथियार तैयार हो रहे हैं, उसके प्रति दुनिया का आकर्षण बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि जब सदन इस विजयोत्सव को एक स्वर में विजय के भाव से इस सत्र के दरमियान उन ओजस्वी-तेजस्वी भावनाओं को प्रकट करेगा, तो भारत की सैन्यशक्ति को बल मिलेगा, प्रोत्साहन मिलेगा, देशवासियों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस दशक में हम एक प्रकार से शांति और प्रगति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कदम-कदम पर तरक्की का एहसास करते रहे हैं। देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का लंबे अरसे तक शिकार रहा है। उन्होंने कहा,ञ्ञ देश आजाद हुआ, तब से हम इस समस्या को झेल रहे हैं। चाहे आतंकवाद हो, नक्सलवाद हो, कोई प्रारंभ में शुरू हुआ होगा, कोई बाद में शुरू हुआ होगा, लेकिन आज नक्सलवाद, माओवाद का दायरा बहुत तेजी से सिकुड़ रहा है। नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ देश के सुरक्षा बल एक नये आत्मविश्वास से, तेज गति से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। और मैं गर्व से कह सकता हूं, देश में सैकड़ों जिले नक्सल की चपेट में से निकलकर के आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने हमारे देश का संविधान जीत रहा है। आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुये श्री मोदी ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में जब 2014 में उन्हें जिम्मेदारी मिली थी तो देश 'फ्रेजाइल-5' की अवस्था से गुजर रहा था। वर्ष 2014 के पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था में देश 10वें नंबर पर था और आज तेज गति से दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, जिसकी विश्व की अनेक संस्थायें सराहना कर रही हैं। एक जमाना था जब महंगाई की दर 'डबल डिजिट' में हुआ करती थी। आज दो फीसदी के आसपास आकर के देश के आम आदमी के जीवन में राहत आयी है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) का एक वैश्विक समागम था, और उसमें भारत ने बहुत बड़ी ऊंचाई प्राप्त की है। आईएलओ का कहना है कि 90 करोड़ से ज्यादा लोग भारत में अब सोशल सिक्योरिटी के दायरे में है, ये अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उसी प्रकार से वैश्विक संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को आंख की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया है। पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ञ्ञ पहलगाम की क्रूर हत्या, अत्याचार, नरसंहार पूरी दुनिया चौंक उठी थी। आतंकवादियों और उनके आकाओं पर दुनिया का ध्यान केंद्रित हुआ था और उस समय दल हित छोड़कर के देशहित में हमारे ज्यादातर दलों के प्रतिनिधि, ज्यादातर राज्यों के प्रतिनिधियों ने विश्व भ्रमण किया, दुनिया के अनेक देशों में गये और एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों के आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया। उन्होंने कहा, मैं आज राष्ट्रीय हित में किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन सभी सांसदों की सराहना करना चाहता हूं, सभी दलों की सराहना करना चाहता हूं, और इसने देश में एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विजयोत्सव का ये पर्व इस मानसून सत्र में भी उसी भाव से प्रकट होगा, देश की सैन्य शक्ति की सरहाना करेगा, देश के सामर्थ्य का गौरवगान करेगा, और देश के 140 करोड़ नागरिकों को नयी प्रेरणा का कारण बनेगा। मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर के रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के इन प्रयासों को बल दें, सेना के सामर्थ्य की सराहना करें और मैं आज देशवासियों के सामने जरूर कहूंगा, और देश के राजनीतिक दलों से भी कहूंगा कि देश ने एकता की ताकत देखी है, एक स्वर का सामर्थ्य क्या होता है देखा है, तो सदन में से भी सभी सांसद उसको बल दें, उसको आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अलग-अलग है, हर एक का अपना एक एंजेडा है, अपनी एक भूमिका है, लेकिन यह वास्तविकता है कि दल हित में मत भले न मिले, लेकिन देशहित में मन जरूर मिले। इसी एक भावना के साथ, इस मानसून सत्र से देश के विकास यात्रा को बल देने वाले, देश की प्रगति को बल देने वाले, देश के नागरिकों को सामर्थ्य देने वाले अनेक विधेयक प्रस्तावित हैं, सदन विस्तृत चर्चा करके उनको भी पारित करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉनसून नवीनता और नवसृजन का प्रतीक है, और अब तक जो खबरें मिली हैं, देश में मौसम बहुत ही अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है, कृषि के लिए लाभदायक मौसम की खबरें हैं। बारिश किसानों की अर्थव्यवस्था, देश की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और इतना ही नहीं हर परिवार की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण होती है। अब तक की जानकारी के अनुसार पिछले 10 वर्ष में जो पानी का भंडार हुआ है, इस बार करीब-करीब उससे तीन गुना हुआ है, जिसका आने वाले दिनों में भी देश के अर्थतंत्र को बहुत लाभ होगा।

### 19 लोगों की...

के जनसंपर्क कार्यालय ने बताया कि वायुसेना का प्रशिक्षण विमान ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया। अग्निशमन अधिकारी लीमा खान ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण विमान ने दोपहर लगभग 1:06 बजे उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान में आग लग गई। आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल की आठ दमकल मौके पर पहुंच गईं। माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। स्कूल परिसर में जहां विमान हादसा हुआ, वहां कक्षा चल रही थी। घायलों को एक-एक करके बाहर निकाला जा रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक एक प्रत्यक्षदर्शी सादमान रुहसिन ने बताया कि विमान स्कूल की इमारत से टकराया। सेना और अग्निशमन सेवा के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और छात्रों तथा अभिभावकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सेना के जवान घायल छात्रों को बाहों में बाहर लाते देखे गए।

### मुंबई में एअर इंडिया...

घटना के बाद विमान को तुरंत ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी तकनीकी जांच की जा रही है। एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि ''तेज बारिश के कारण लैंडिंग के बाद विमान रनवे से थोड़ा फिसल गया। पायलट ने स्थिति को संभाला और विमान को सुरक्षित गेट तक पहुंचाया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। विमान की जांच की जा रही है।'' मुंबई एयरपोर्ट पर इस घटना के बाद कुछ समय के लिए उड़ानों की आवाजाही पर असर पड़ा, लेकिन अब स्थिति सामान्य है।

### जस्टिस वर्मा पर...

फायर ब्रिगेड की टीम को नोटों का ढेर दिखा था, जिसके बाद पुलिस को भी सूचना मिली थी। तब जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट में थे और मामला सामने आने के बाद उनका इलाहाबाद ट्रांसफर किया गया था। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे वर्मा के खिलाफ जांच के लिए तीन जजों की एक कमेटी तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने बनाई थी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने महाभियोग की सिफारिश वाला पत्र राष्ट्रपति और पीएम को लिखा था। जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने कहा, 'न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए।' राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस तरह कुल 208 सांसद महाभियोग के पक्ष में हैं। कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा। जस्टिस वर्मा भले ही इलाहाबाद में तैनात हैं, लेकिन उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के आदेश पर हुई आंतरिक जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने हालांकि किसी भी गलत कार्य में संलिप्त होने से इनकार किया है, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित आंतरिक जांच समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों का उस स्टोर पर नियंत्रण था, जहां नकदी पाई गई थी। इससे यह साबित होता है कि उनका कदाचार इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।

### 'ईडी सारी...

संवाद होता है। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं? वे सारी हदें पार कर रहे हैं...। सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अधिवक्ता दातार जैसे कानूनी पेशेवरों को हाल ही में ईडी द्वारा जारी किए गए नोटिस का वकालत के पेशे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस पर पीठ ने कहा कि दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए। अधिवक्ता ने तर्क पर क्रिया देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि झूठे आख्यान गढ़कर संस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश की गई है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण और मेहता ने कहा कि अधिवक्ताओं को समन जारी करने के संबंध में मामला उच्चतम स्तर पर उठाया गया था और जाँच एजेंसी से कहा गया था कि वह अधिवक्ताओं को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस जारी न करे। हालाँकि, अटॉर्नी जनरल मेहता ने दलील दी, ञ्ञउदाहरण के लिए, अगर मैं एक राजनेता हूँ, और मैं 3000 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल हूँ। मैं कई साक्षात्कारों आदि के ज़रिए अपने पक्ष में एक आख्यान गढ़ सकता हूँ। पीठ ने कहा, हम जमीनी हकीकत जानते हैं। श्री मेहता ने कहा कि ज़मीनी हकीकत को प्रस्तुत तथ्यों और उपलब्ध सामग्री एवं साक्ष्यों से देखा जाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, ञ्ञकभी-कभी व्यापक अवलोकन गलत धारणा पैदा करते हैं...। इस पर पीठ ने कहा, हम कोई तारीफ़ नहीं कर रहे हैं। श्री मेहता ने कहा कि अदालत न तो तारीफ़ कर सकती है और न ही आलोचना, यह तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। इस पर, पीठ ने कहा, ञ्ञहम समाचार नहीं देखते। हमने यूट्यूब साक्षात्कार नहीं देखे हैं। श्री मेहता ने सुझाव दिया कि अदालत दिशानिर्देशों को क़ानूनी रूप से कम कर सकती है। कई वकीलों ने ज़ोर देकर कहा कि वकीलों को, ख़ासकर क़ानूनी राय देने के लिए, तलब करना एक ख़तरनाक मिसाल कायम कर रहा है। इस पर मेहता ने तर्क दिया कि क्या कोई वकील अपने मुवक्किल का प्रतिनिधित्व करते हुए, ञ्ञअदालत के बाहर, राजनीतिक मामलों में एक कहानी गढ़ सकता है और यह क़ानून का सवाल है और मैं प्रवर्तन निदेशालय में नहीं हूँ। दूसरी ओर, एक वकील ने कहा कि यह मामला वकीलों से जुड़ा है और कहानी गढ़ने का सवाल ही कहाँ उठता है। इस पर पीठ ने कहा कि वह किसी कहानी से प्रभावित नहीं है। पीठ ने श्री मेहता से पूछा, क्या आपने हमारे द्वारा लिखा गया कोई ऐसा फ़ैसला देखा है जो कहानी पर आधारित हो न कि मामले के तथ्यों पर। श्री मेहता ने इस पर कहा कि किसी वकील को क़ानूनी राय देने के लिए तलब नहीं किया जा सकता और उन्होंने तर्क दिया कि वह इस मामले में पक्षधर नहीं हैं।

### हाई कोर्ट ने मुंबई ट्रेन...

की सज़ा और सात को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। आरोपियों ने बाद में इस फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहाँ न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने लगातार सुनवाई की। जिन लोगों को मौत की सज़ा सुनाई गई थी, उनमें कमाल अंसारी, मोहम्मद फैज़ल, अता-उर-रहमान शेख, एहतेशाम सिद्दीकी, नवीद हुसैन खान और आसिफ खान शामिल थे। इनमें से कमाल अंसारी की नागपुर सेंट्रल जेल में बंद रहने के दौरान कोविड-19 के कारण मौत हो गयी थी। आजीवन कारावास की सजा पाने वाले सात अन्य लोग तनवीर अहमद अंसारी, मोहम्मद माजिद शफी, शेख मोहम्मद अली आलम, मोहम्मद साजिद अंसारी, मुज़म्मिल अता-उर-रहमान शेख, सोहेल महमूद शेख और जमीर लतीफुर-रहमान शेख थे।जमीयत उलेमा महाराष्ट्र की कानूनी सहायता समिति के नेतृत्व में बचाव पक्ष में अधिवक्तागण मोहित चौधरी, एस नागा मथु, आदि ने अदालत में जिरह की। वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी ने फैसले की सराहना करते हुए कहा, 'न्याय की जीत हुई,यह न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बढ़ाएगा।' जमीयत महासचिव मौलाना हलीमुल्लाह कासमी ने फैसले का स्वागत किया। महाराष्ट्र की जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए बरी हुए व्यक्तियों ने अपनी कानूनी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। अदालत ने अन्य आपराधिक मामलों में न होने पर इन लोगों की तत्काल रिहाई का आदेश दिया और प्रत्येक को 25,000 रुपये के निजी मुचलके भरने का निर्देश दिया। एटीएस ने अपनी जाँच ने हमलों को प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और पाकिस्तान में स?क्रिय आतंकवादी समूहों से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद फैसल शेख (लश्कर-ए-तैयबा का मुंबई प्रमुख) को हवाला से पैसा मिला था। न्यायिक जाँच में इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

# बिहार विधानमंडल में 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के पहले दिन 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया। विधानसभा में पहले दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा पटल पर अनुपूरक बजट पेश किया। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रथम अनुपूरक बजट है। इसके बाद हंगामें के बीच में विधानसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

बिहार विधान परिषद में श्रम मंत्री संतोष सिंह ने 57,946.25 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में पेश किया। इसमें वार्षिक स्कीम मद में 36, 169 करोड़, स्थापना मद में 21,773 करोड़ और केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 3.63 करोड़ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर सबसे अधिक राशि की व्यवस्था है। अनूपुरक बजट के बाद शोक प्रस्ताव के साथ विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है। इससे पहले विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष का हंगामा हुआ। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपने संबोधन में सदन में मौजूद विधायकों को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि सभी सदस्य विधानसभा की गरिमा बनाए रखेंगे। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सदन की कार्यवाही में सभी सदस्य सहयोग करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष के कई नेता नारेबाजी करते नजर आए। विपक्ष के नेता लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते रहे। एआईएमआईएम के विधायक अख्तर ऊल ईमान बेल में पहुंच गए थे। मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगा वो प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने बैनर दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

# पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने विपुल एम पंचोली, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली को पटना उच्च न्यायालय के 45वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मुख्य न्यायाधीश का नियुक्ति पत्र और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल ने न्यायमूर्ति पंचोली को शपथ दिलाई। 57 वर्षीय न्यायमूर्ति पंचोली 24 जुलाई, 2023 से पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म अहमदाबाद में हुआ था और उन्होंने 1991 में गुजरात उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की। उन्होंने अहमदाबाद स्थित अपने संस्थान सर एलए शाह लॉ कॉलेज में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया। न्यायमूर्ति पंचोली को 2014 में गुजरात उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 2016 में स्थायी न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था। साल 2023 में उनका तबादला पटना उच्च न्यायालय में हो गया। उल्लेखनीय है कि पटना उच्च न्यायालय इस वर्ष 15 जनवरी से मुख्य न्यायाधीश के बिना चल रहा था क्योंकि न्यायमूर्ति पंचोली के पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति विनोद के. चंद्रन को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार इस अवधि में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, लेकिन हाल ही में उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इस बीच, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सिंह 22 जुलाई को पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। पदभार ग्रहण करने पर, वह मुख्य न्यायाधीश पंचोली और न्यायमूर्ति पीबी बजंथरी के बाद तीसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश बन जाएंगे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराने की महागठबंधन ने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा मचाया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई। बढ़ते अपराध और एसआईआऱ के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे। सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि आज से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है। अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है। हमलोगों ने स्पीकर से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए। तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहे और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार और विधानसभा स्पीकर चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा। इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि संसद में भी विपक्षी दल इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे हैं। इसके साथ ही साथ बिहार में भी मंगलवार को बहुत मजबूत तरीके से हमलोग इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं। सरकार को किसी भी कीमत पर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराना ही पड़ेगा।

# दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में 16 बड़ी चोरियों को अंजाम देने वाले दो कुख्यात चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। मध्य जिले के स्पेशल स्टाफ ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपित दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में अब तक 16 से अधिक बड़ी चोरियों को अंजाम दे चुके हैं। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से 121 ग्राम चोरी का सोना, वारदात में इस्तेमाल किए गए कपड़े और जूते बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अकबर उर्फ फिरोज उर्फ बाबू (40) और रमेश उर्फ कल्लू (42) के रूप में हुई है। इनके तीसरे साथी मोनू उर्फ अभिषेक की तलाश जारी है। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार घटना का खुलासा तब हुआ जब 27 मई को ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित एक घर में चोरी की वारदात हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि चोरों ने घर में घुसकर सोना, चांदी, हीरे के जेवरात व 15-20 हजार नकद चोरी कर लिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। डीसीपी के अनुसार स्थानीय पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ को जांच में लगाया गया। पुलिस टीम ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तकनीकी विश्लेषण किया और फिर 18 जुलाई को शिवाजी पार्क, मिंटो रोड के पास दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि अकबर अकेले ही दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में 20 से अधिक चोरियों में शामिल रहा है। वहीं रमेश पर 13 संगीन मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट भी शामिल हैं। दोनों वर्षों से फरार चल रहे थे और कोर्ट के द्वारा भगोड़े घोषित किए जा चुके थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों ने राजेन्द्र नगर के अलावा सीआर पार्क में 2 जून को हुई चोरी में भी शामिल होने की बात स्वीकार की है। वहां से उन्होंने एक किलो सोना, एक किलो चांदी और 20 लाख नकद चोरी किए थे। आरोपितों के पास से 121 ग्राम चोरी का सोना और वह कपड़े बरामद किए गए हैं जो उन्होंने चोरी के समय पहने थे। वहीं पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वारदात के बाद वे सीमापुरी स्थित रमेश की झुग्गी में चोरी का सामान आपस में बांटते थे। वहीं पर तीसरा साथी मोनू उर्फ अभिषेक भी शामिल होता था, जो फिलहाल फरार है।

## सीपीआई ने तेजस्वी यादव को सौंपी 24 सीटों की लिस्ट

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर चर्चा चल रही है। इस बीच लेफ्ट पार्टी सीपीआई ने आईएनडीआई गठबंधन की कोऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष तेजस्वी यादव को सोमवार 24 सीटों की लिस्ट सौंपी। सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने सोमवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में 6 सीटों पर हमने चुनाव लड़ा था। मगर पार्टी उससे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार थी। सीपीआई के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि माले को पिछले चुनाव में 19 सीटें दी गई थीं, तो भाकपा को भी 20 सीटें मिलनी चाहिए थीं। सीपीआई ने कहा कि उनकी इस बार 24 सीटों पर तैयारी है। इसकी सूची तेजस्वी को सौंप दी गई है। उल्लेखनीय है कि बिहार में आगामी अक्टूबर और नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव संभावित है। महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, तीनों लेफ्ट पार्टियां-सीपीआई, सीपीएम एवं सीपीआई-माले और वीआईपी यानी कुल 6 दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

## भागलपुर व्यवहार न्यायालय से जागरूकता रथ रवाना

भागलपुर। जिले में न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी तथा जनसुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर के निर्देश पर 1 जुलाई से 30 सितंबर तक 90 दिनों का विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के प्रचार-प्रसार और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को एक जागरूकता रथ निकाला गया। इस रथ को भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर से फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश राजकुमार राजपूत सहित विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के समाधान की प्रक्रिया, उसके लाभ और त्वरित न्याय की संभावनाओं की जानकारी देगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने परखी दून और कोरोनेशन अस्पताल की व्यवस्थाएं, गुणवत्तापरक उपचार के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को देहरादून स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल (कोरोनेशन) और राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से संबद्ध दून अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. रावत ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंत्री ने कोरोनेशन अस्पताल में अधिकारियों को अस्पताल परिसर में प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी के लिए सूचना पट्ट व फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिये ताकि आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं की सही जानकारी मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके उपरांत उन्होंने दून अस्पताल का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने मरीजों का हालचाल पूछा और आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। मंत्री ने दून मेडिकल कॉलेज प्रशासन को अस्पताल परिसर में सफाई की स्थिति को और बेहतर करने के निर्देश दिये साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों अस्पतालों में तीमारदारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और संतुष्टि का फीडबैक लिया और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## सावन माह की दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए मंदिरों और शिवालयों में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। सावन माह की दूसरी सोमवारी को विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। सोमवारी के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों में खाता उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालुओ का सुबह पांच बजे से ही भगवान शिव के दरबार में पहुंचना शुरू हो गया। सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर मंदिरों और शिवालयों को काफी भव्य रूप से सजाया गया है। चारों तरफ केसरिया वस्त्र धारण किए हाथ में पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं। चारों ओर सिर्फ भक्तों के केसरिया ड्रेस से माहौल केसरिया में बन गया है। शहर स्थित अररिया नाथ महादेव, बाबा खड़गेश्वरनाथ शिव मंदिर, बस स्टैंड शिव मंदिर, पीडब्ल्यूडी शिव मंदिर, माता स्थान शिव मंदिर, जलेश्वर नाथ शिव मंदिर तथा छतियौना में बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव के दरबार में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लाइन लगा रहा।मंदिरों में रूद्राभिषेक आदि कार्यक्रम भी चल रहा है। दूसरी सोमवारी को लेकर विशेष भीड़ कुर्साकांटा के अति प्राचीन सुंदरनाथधाम मंदिर,मदनपुर स्थित श्री मदनेश्वरनाथधाम मंदिर,रानीगंज के बसेटी स्थित इन्द्रमतेश्वरनाथधाम मंदिर,फारबिसगंज के बड़ा शिवालय,शंकरपुर के शिव मंदिर में रही जहां पूजा अर्चना और शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# सावन के दूसरी सोमवारी को लेकर कांवरियों एवं शिव भक्तों ने उत्तरवाहिनी गंगा में लगाई डुबकी


कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर जिले के सुल्तानगंज अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा में लाखों शिव भक्तों एवं कांवरियों ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। आज सुबह से ही बिहार, झारखंड, नेपाल, छत्तीसगढ़, जयपुर, बंगाल सहित अन्य जगहों के लाखों कांवरिया एवं शिव भक्तों ने उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर गंगा जल भरा। फिर अजगैबीनाथ मंदिर स्थीत बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाते हुए बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे लगाकर अपनी अपनी मनोकामनाएं मांगी। उधर काफी संख्या में कांवरिया ने भी गांगा जल लेकर स्थानीय पंडितों के द्वारा संकल्प करते हुए बोल बम हर हर महादेव के जयकारों के साथ अजगैबीनाथ धाम से यात्रा प्रारम्भ कर 105 किलोमीटर दूरी देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने निकल पड़े। ऐसी मान्यता है कि सावन माह में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसीलिए खासकर अजगैबीनाथ धाम में कांवरियों एवं शिव भक्तों की भीड़ अजगैबीनाथ धाम में उमड़ती है। नमामि गंगे घाट से लेकर कच्ची कांवरिया पथ तक हर ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा इलाका बोल बम, हर हर महादेव और बम बम भोले के नारों से गूंजायमान हो उठा। गंगा घाटों पर नहाने और जल भरने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एसडीआरएफ की टीम लगातार गंगा घाटों पर निगरानी कर रही है। साथ ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों को मजबूत किया गया है।

## कुख्यात चंदन मिश्रा के हत्या आरोपितों को कोलकाता से लेकर पटना पहुंची बिहार पुलिस

पटना। राजधानी पटना के वेली रोड स्थित पारस अस्पताल में बीते 17 जुलाई को कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले के चार आरोपितों को बिहार एसटीएएफ सोमवार को कोलकाता से लेकर पटना पहुंच गई है। बिहार पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शूटर्स में तौसीफ बादशाह के अलावा इसमें तीन अन्य आरोपित शामिल हैं । इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड निशु खान उर्फ भाईजान को पुलिस ने पटना स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। तौसीफ बादशाह के अलावा चार अन्य शूटर्स को कोलकाता से गिरफ्तार करने के बाद बिहार पुलिस की टीम ने उन्हें वहां की कोर्ट में पेश किया और उसके बाद सभी को सड़क मार्ग से लेकर ही पटना के लिए रवाना हो हुई थी। आज बिहार पुलिस की टीम सभी आरोपितों को लेकर पटना पहुंची। फिलहाल उन्हें पुलिस लाइन में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। पुलिस उनसे पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश करेगी। उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना के बड़े प्राइवेट अस्पताल में 17 जुलाई की सुबह पांच बदमाशों ने रूम नंबर 209 में भर्ती कुख्यात चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063